उत्तरी निगम के रिहायशी संपत्ति करदाताओं पर संपत्तिकर की तिहरी मार पड़ने वाली है। स्थायी समिति अध्यक्ष ने सदन में प्रस्तुत बजट प्रस्तावों को असंगत व जनविरोधी करार दिया है। निगम क्षेत्र के रिहायशी संपत्ति करदाताओं पर भाजपा ने तीन तरह से संपत्ति कर बढ़ाकर आम जनता पर अतिरिक्त करों की मार की है। नेता विपक्ष सुरजीत सिंह पवार ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इन तीनों तरह के करों की वृद्धि 229 फीसद होगी। नेता विपक्ष ने कहा कि गैर रिहायशी संपत्तियों पर भी संपत्तियों के वार्षिक कर मूल्य पर एक फीसद का शिक्षा उपकर लगाकर करों की वृद्धि की है जो व्यापारी व कारोबारियों के धंधों में मंदी के कारण और कमर तोड़ने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि अग्नि, वर्षा और भूकंप पीड़ितों के लिए 2020-21 के लिए 10 लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया है। 2019-20 के लिए एक लाख रुपए का प्रावधान किया है। भाजपा से उनकी मांग है कि इस मद में 2019-20 के लिए और 2020-21 के लिए कम से कम पांच करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाए और इसमें से रानी झांसी रोड स्थित अनाज मंडी में लगी भीषण आग में मृतकों के संबंधियों को व घायलों को मुआवजा-सहायता राशि दी जाएगी।

विपक्ष जानबूझकर फैला रहा है हिंसा : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली चुनाव में हार की वजह से विपक्ष जानबूझकर हिंसा फैला रहा है। उन्होंने कहा कि इस हिंसा का लाभ आम आदमी पार्टी को नहीं होगा। इसका सीधा लाभ विपक्ष को होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की स्थिति को लेकर काफी वे चिंतित हैं और चाहते हैं दिल्ली में शांति बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर किसी को विरोध करने का अधिकार है। लेकिन यह विरोध संविधान के दायरे में होना चाहिए। इस वक्त यह साबित हो गया है कि आम आदमी पार्टी चुनाव जीतने वाली है और कयास लगाए जा रहे हैं कि सीटें इस बार 65 आएंगी या 70। ऐसे में विपक्ष द्वारा जानबूझकर हिंसा फैलाई जा रही है। इससे पूर्व हुए 2015 के चुनाव में भी ऐसी ही कोशिश की गई थी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से अपील है कि ऐसी नकारात्मक ताकतों का विरोध करें। हर तरीके से दिल्ली की शांति व अमन चैन को खराब नहीं होने दें। जो भी ऐसी ताकतें है, उनका जवाब हम चुनाव में देगी।

उन्होंने कहा कि हर बार केवल एक ही बयान आ रहा है कि आम आदमी पार्टी यह सब करा रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि आम आदमी पार्टी को इसका क्या फायदा है, जिसको फायदा हो सकता है दंगे वहीं फैला रहा है। जामिया के मामले मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के दंगे चुनाव का ध्यान में रखकर कराए जा रहे है। ये वे लोग करा रहे है, जिनको चुनाव में हारने का अंदेशा है।

हाई कोर्ट से कराई जाए जामिया मामले की जांच : कांग्रेस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

प्रदेश कांग्रेस ने जामिया विश्वविद्यालय व सीलमपुर में हुई हिंसा तथा जामिया विश्वविद्यालय में घुसकर छात्रों के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यरत न्यायधीश से इस पूरे मामले की जांच कराई जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली व मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में राजधानी में हुई हिंसा के लिए भाजपा व आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए यह मांग की। चोपड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा व आप की मिलीभगत से हिंसा हुई। यह दोनो दलों के सुनियोजित षडयंत्र का परिणाम है।

नागरिकता संशोधन कानून पर 'आप' व कांग्रेस को बहस की चुनौती

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को खुली बहस की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अफवाह न फैलाएं क्योंकि यह कानून शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार देने का कानून है। इस कानून से किसी भी नागरिकता नहीं छिनेंगे। वे कच्ची कॉलोनियों को नियमित करने के फैसले को लेकर नुक्कड़ सभा को सम्बोधित कर रहे थे और जनता से 22 दिसंबर को रामलीला मैदान आने की अपील करने के लिए पहुंचे थे।

मनोज तिवारी ने कहा कि सीलमपुर की घटना को लेकर 15 लोगों पर मामले दर्ज हुए हैं इनमें से 5 आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के नाम हैं। इससे स्पष्ट होता है कि दिल्ली की शांति को भंग करने का काम दोनों पार्टियां मिलकर कर रही हैं। लोकतंत्र को सभी को अपनी बात करने का हक है लेकिन हिंसा के लिये समाज में कोई जगह नहीं है। नागरिकता संशोधन कानून को लोग पढ़ नहीं रहे हैं सिर्फ अफवाहों के पीछे भाग रहे हैं जो दुखद है और जिसका फायदा आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के लोग उठा रहे हैं और आग में घी डालकर माहौल को बिगाड़ने में लगे हैं।

विद्यार्थियों को समर्थन देने पहुंचे कन्हैया कुमार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बाहर प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन न केवल मुसलिमों को बचाने की लड़ाई है बल्कि पूरे देश की रक्षा की लड़ाई है। विश्वविद्यालय के गेट नंबर सात के बाहर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि लोगों को राष्ट्रीय नागरिक पंजी को लेकर अधिक चिंतित होना चाहिए जो कि नागरिकता संशोधन कानून के मुकाबले कहीं अधिक खतरनाक है।

कुमार ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन संविधान को बचाने वाले प्रदर्शनों में से एक के रूप में इतिहास में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी देशभर में लागू होती है तो हम सभी को नोटबंदी के दिनों की तरह लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ेगा।

जामिया के शिक्षक बोले, हम एक और विभाजन नहीं चाहते

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया शिक्षक संघ (जेटीए) ने बुधवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को खारिज करते हुए कहा कि हम लोग एक और विभाजन नहीं चाहते। जेटीए के सदस्यों ने बुधवार को शांति मार्च निकालकर सीएए और एनआरसी के विरोध में प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को समर्थन देने वाले सभी विश्वविद्यालयों का आभार व्यक्त किया। संघ ने कहा कि परिसर में पुलिस की बर्बरता की जांच के लिए एक तथ्यान्वेषण समिति की स्थापना की गई है। जामिया परिसर में पुलिस की कार्रवाई में 50 से अधिक विद्यार्थी घायल हुए थे।

शिक्षक संघ ने विद्यार्थियों के खिलाफ दायर मामलों को वापस लेने और रविवार को पुलिस की कार्रवाई के दौरान संपत्ति को हुई क्षति के लिए पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की। शिक्षक संघ ने कहा कि बेकसूर विद्यार्थियों पर बलप्रयोग करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। मार्च के दौरान करीब 500 से अधिक शिक्षकों और शोधार्थियों ने अपने हाथों में तख्तियां ले रखीं थीं जिन पर सीएस के खिलाफ और जामिया के समर्थन में नारे लिखे हुए थे।

मार्च में शामिल प्रदर्शनकारियों ने भारत का एक बड़ा नक्शा ले रखा था जिस पर देशभर के उन स्थानों को दिखाया गया था, जहां विश्वविद्यालय परिसरों में प्रदर्शन हो रहे हैं। जेटीए के सचिव माजिद जमील ने कहा कि 13 दिसंबर को सीएए के विरोध में हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।

शांति और अमन की अपील

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

जामियानगर और शाहीनबाग में पुलिस के आला अधिकारी और स्थानीय लोगों की अमन कमेटी के साथ बैठक हुई। दक्षिणी क्षेत्र के संयुक्त आयुक्त देवेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई इस बैठक में इलाके में शांति और अमन चैन के लिए एक दूसरे से सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि स्थानीय स्तर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अफवाह और फर्जी प्रोपगेंडा पर ध्यान नहीं देते हुए इस प्रकार के लोगों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी जानी चाहिए।

हरीश खुराना को मानहानि मामले में अदालत से जमानत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

दिल्ली की एक अदालत ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दायर आपराधिक मानहानि के मामले में भाजपा नेता हरीश खुराना को बुधवार को जमानत दे दी। खुराना और भाजपा के अन्य नेताओं ने सरकारी स्कूलों में कमरों (क्लासरूम्स) के निर्माण में भ्रष्टचार का आरोप लगाया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विशाल पाहुजा ने खुराना को 20,000 रुपए के निजी मुचलके और 20,000 रुपए की जमानत राशि पर जमानत दे दी। अदालत ने भाजपा नेता हंसराज हंस और परवेश वर्मा तथा शिअद नेता मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ पेश नहीं होने और अदालत द्वारा पहले जारी किए गए समन को नजरअंदाज करने के लिए जमानती वारंट भी जारी किया।

दस्तावेजों की जांच के बाद बिल्डरों को मिलेगा जीरो पीरियड का लाभ

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 दिसंबर।

बिल्डरों को दिए जाने वाले जीरो पीरियड का लाभ दस्तावेजों की जांच और निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर किया जाएगा। जो बिल्डर परियोजना मानकों को पूरा करते होंगे, उन्हें ही यह लाभ मिलेगा। इसके लिए परियोजनाओं के एक-एक मामले की पूरी पड़ताल की जाएगी। इस कसौटी पर सफल होने वाली बिल्डर परियोजनाओं को इसका लाभ मिलेगा। चार फरवरी 2020 तक ग्रुप हाउसिंग विभाग में बिल्डर जीरो पीरियड के लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं।

शहर में 116 परियोजनाएं चल रही हैं। जीरो पीरियड का लाभ देने के लिए कैबिनेट के हालिया फैसले से पहले ही प्राधिकरण 52 बिल्डर परियोजनाओं को जीरो पीरियड का लाभ दे चुका है। दो परियोजनाओं का अध्ययन किया जाना बाकी है। प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार तब भी सभी बिल्डरों ने अपनी परियोजनाओं के लिए जीरो पीरियड का लाभ लेने के लिए आवेदन कर रखा था। लेकिन नए निर्देश के बाद बिल्डरों ने दोबारा आवेदन करना शुरू कर दिया है। इसमें वे बिल्डर भी शामिल हैं, जिनको लाभ मिल चुका है। इसी वजह से प्राधिकरण अब प्रत्येक परियोजना के मामलों के भौतिक सत्यापन के बाद लाभ देने पर फैसला लेगा। चार फरवरी तक आने वाले सभी आवेदनों की दस्तावेजी जांच के बाद भौतिक सत्यापन किया जाएगा। यहां निर्माण कार्य की प्रगति देखी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक यह लाभ केवल उन परियोजनाओं को मिलेगा, जो अपने खरीदारों को जून 2021 तक देंगे।

जीरो पीरियड का लाभ आम्रपाली, जेपी इंफ्राटेक, श्रीसी व यूनिटेक की दर्जनों परियोजनाओं के लाखों खरीदारों को नहीं मिलेगा। इन सभी परियोजनाओं का मामला कोर्ट में चल रहा है। इन बिल्डर परियोजनाओं के खरीदार सरकार से स्ट्रेस फंड जारी करने की मांग कर रहे हैं।

विजय दिवस : विजयगाथा सुन नम हुईं परिजनों की आंखें

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 दिसंबर।

सेक्टर- 37 स्थित शहीद स्मारक में बुधवार को विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेना के तीनों अंगों के प्रतिनिधियों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। आयोजन में तब शहीदों के परिवारों की आंखे नम थी, जब उनके वीर प्रियजनों की वीरगाथाओं का मंच से स्मरण किया गया। सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि के रूप में एयर मार्शल एचएस अरोड़ा ने सर्व प्रथम श्रद्धांजलि दी। उसके बाद मेजर जनरल राजपाल पुनिया, मेजर जनरल एसपी गोस्वामी, रियर एडमिरल संजय मिश्रा समेत 38 शहीदों के परिवारों, समुदायों के मुख्य प्रतिनिधियों, आर्मी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य, एवीआई अध्यक्ष कर्नल आईपी सिंह, ब्रिगेडियर शशि वैध समेत अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों का सम्मान किया। आर्मी पब्लिक स्कूल नोएडा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति समूह गान प्रस्तुत किया। एयर मार्शल ने शहीदों के परिवारों से मुलाकात की और विद्यालय के छात्रों को उपहार बांटे।

विद्यार्थियों के लिए लिया अन्य माध्यमों से परीक्षा कराने का निर्णय : रजिस्ट्रार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के रजिस्ट्रार का कहना है कि विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों का भविष्य बचाने के मकसद से अन्य माध्यमों से परीक्षाएं कराने का निर्णय किया है। उनके मुताबिक आंदोलन कर रहे कुछ विद्यार्थियों की वजह से अन्य विद्यार्थियों का नुकसान नहीं होना चाहिए। रजिस्ट्रार के मुताबिक जो विद्यार्थी अपनी मर्जी से परीक्षाएं नहीं देना चाहते हैं, ऐसे विद्यार्थी विश्वविद्यालय के नियम के मुताबिक अगले सेमेस्टर के लिए पंजीकरण के लिए योग्य नहीं रहेंगे। जो विद्यार्थी परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें इसका हर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

विश्वविद्यालय के वास्तविक विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा करना विश्वविद्यालय की शीर्ष प्राथमिकता है। स्कूलों के डीन और केंद्रों के प्रमुख परीक्षाओं का कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं जो जेएनयू की वेबसाइट पर उपलब्ध किया जाएगा।

छात्र संघ ने दो विद्यार्थियों पर कार्रवाई का विरोध किया

जेएनयू छात्र संघ ने दो विद्यार्थियों पर जेएनयू प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई का विरोध किया है। छात्र संघ का कहना है कि करीब 50 दिनों से हम छात्रावास नियमावली वापस लेने की मांग कर रहे हैं। जेएनयू कुलपति ने इस दौरान पुलिस द्वारा हमारे आंदोलन को कुचलने की कोशिश कराई है। हमें दिल्ली की सड़कों पर मारा गया घसीटा गया लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुलपति मामले में प्राथमिक सबूतों के आधार पर विद्यार्थियों को निलंबित कर दिया गया। ये आरोप कुलपति ने विद्यार्थियों पर लगाए कि उन पर हमला किया गया। कुलपति ने खुद विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन किया है। वो खुद अब तक गायब हैं और परिसर को पुलिस जोन बना दिया गया है।

www.readwhere.com

आधी आबादी की उम्मीदों को मजबूत पंख

समरसता व सद्भाव का सेतु

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के जरिये गरीब की गरिमा को सुरक्षा कवच मिला है तो 'सुमंगला' ने बालिकाओं के सुनहरे भविष्य का रास्ता खोल दिया है।

गरीबों और वंचितों को उनका हक दिलाना संविधान की आत्मा का सम्मान है। कन्यादान एक पवित्र कार्य है। राज्य सरकार ने 2017-2018 में गरीब परिवारों की कन्याओं के लिए सामूहिक विवाह योजना शुरू की थी। योजना के तहत हर जोड़े की शादी के लिए पहले 35 हजार रुपये दिये जा रहे थे, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है।

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व सुमंगला योजना से महिला सशक्तिकरण को नया आयाम

योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की नयी इबारत लिखी है। हर वर्ग की महिलाओं के कल्याण को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वरोजगार, स्वास्थ्य व पोषण तथा सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत 'आपकी सखी- आशा ज्योति' केन्द्रों के संचालन, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 181 महिला हेल्पलाइन ने महिलाओं को संबल दिया है तो सामाजिक सुरक्षा के लिए चलायी जा रही ढेरों पेंशन योजनाओं से महिलाओं की दशा बदलने लगी है। इन योजनाओं का संचालन इस गहनता से किया जा रहा है कि किसी भी वजह से कोई पात्र महिला इनका लाभ उठाने से वंचित न रह जाये। इन योजनाओं के प्रभाव को विस्तार देते हुए प्रदेश सरकार ने 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' तथा 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' जैसी दो और महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं।

इनमें से सामूहिक विवाह योजना ने उन गरीब परिवारों को राहत दी है, जो गरीबी की वजह से समय से बेटियों का विवाह नहीं कर पाते थे और परेशान रहते थे। दहेज और सामाजिक दिखावे की वजह से कर्ज लेने को मजबूर होते थे। इसी तरह दीपावली से दो दिन पहले शुरू की गयी 'कन्या सुमंगला योजना' ने लड़कियों की जिन्दगी में नया उजाला किया है। इससे भ्रूण हत्या और बाल विवाह की कुप्रथाओं के खिलाफ जनमानस में जागरूकता का स्तर बढ़ाने में तो मदद मिली ही है, बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने में भी कामयाबी का रास्ता खुल रहा है।

सामूहिक विवाह योजना

24,318
जोड़ों का विवाह एक ही दिन में कराया गया

21 हजार
के लक्ष्य के सापेक्ष

14 नवम्बर 2019 का दिन उत्तर प्रदेश के गरीब परिवारों की बेटियों के लिए एक पावन पर्व बन गया। इस दिन पूरे प्रदेश में 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के तहत व्यापक पैमाने पर सामूहिक विवाह कराये गये। इस एक दिन में पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में 24,318 बेटियों के विवाह कराये गये।

प्रदेश सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' गरीब कन्याओं की शादी के लिए वरदान साबित हो रही है। जो परिवार गरीबी के कारण समय से बेटियों के हाथ पीले नहीं कर पाते थे और परेशान रहते थे, उन्हें राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस योजना की शुरुआत की है। इसके तहत सरकारी खर्च पर गरीब पात्र व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हाल ही में आयोजित कार्यक्रम तो इस शृंखला की एक कड़ी भर है।

योजना में अब तक 96,164 जोड़ों का विवाह

सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देकर समाज को एकता के सूत्र में बांधने व दिखावे के लिए होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने के साथ ही सामूहिक विवाह को स्वीकार्यता देने का श्रेय 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' को जाता है। समाज ने दिल खोलकर इस योजना को समर्थन दिया है। इसी का परिणाम हुआ कि 14 नवम्बर को प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में 24,318 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इनमें अल्पसंख्यक वर्ग के 3,020 जोड़े थे। इसी के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के 7,810 जोड़े, अनुसूचित जाति के 12,487 और सामान्य वर्ग के 1,001 जोड़े सामूहिक विवाह समारोहों में शामिल होकर विवाह बंधन में बंधे। इस योजना के तहत इससे पहले 71,846 जोड़ों की गृहस्थी बसायी गयी थी। इस तरह इन्हें मिलाकर दो वर्ष में अब तक कुल 96,164 जोड़ों का विवाह 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' के तहत कराया गया है।

सर्व धर्म समभाव व समरसता को बढ़ावा

पूरे प्रदेश में हुए इस समारोह के मंडपों में मंत्र और आयतें एक साथ गूंजीं और एक देश एक मंच की तस्वीर साफ देखी गई। एक ही मंच पर हिंदू और मुस्लिम कन्याओं की शादियां हुईं। पूरे प्रदेश में हुए सामूहिक विवाह समारोह की खास बात यह रही कि इस बार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहले इतनी बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सामूहिक विवाह योजना में पंजीकरण नहीं कराते थे। सभी वर्गों की सहभागिता के साथ इस आयोजन ने समरसता की नयी मिसाल पेश की है।

96,164
जोड़ों का विवाह हुआ है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब तक

- अल्पसंख्यक वर्ग: **11,840**
- अन्य पिछड़ा वर्ग: **31,294**
- अनुसूचित जाति-जनजाति: **48,672**
- सामान्य वर्ग: **4,358**

विवाह के बाद नवदम्पति की गृहस्थी बसाने व जरूरी वैवाहिक सामग्री की व्यवस्था के लिए अनुदान राशि 35,000 रुपये को बढ़ाकर की गयी

51,000 रुपये

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

बालिकाओं के पोषण, शिक्षा और स्वावलम्बन की नयी राह

इस वर्ष दीपावली से ठीक दो दिन पहले धनतेरस के दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बालिकाओं की तकदीर में शिक्षा और बेहतर भविष्य का उजाला लिख दिया। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' की शुरुआत की।

महिला सशक्तिकरण की अपनी प्रतिबद्धता को विस्तार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं के पोषण, शिक्षा एवं स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करने एवं बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए यह योजना प्रारम्भ की है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की अवधारणा को मजबूत करते हुए लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना, उन्हें स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना भी इस योजना का उद्देश्य है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली इस योजना के तहत 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों की बेटियों को छह चरणों में 15,000 रुपये तक प्रदान किये जा रहे हैं।

कन्या सुमंगला योजना का लाभ प्रदेश की उन सभी बच्चियों को प्राप्त होगा, जिनका परिवार उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है। इस योजना का लाभ परिवार की अधिकतम दो बच्चियों को दिया जाएगा, परन्तु किसी महिला को द्वितीय प्रसव में जुड़वा बच्ची होने पर तीसरी संतान के रूप में कन्या को भी 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' का लाभ मिलेगा।

प्रदेश सरकार ने इस योजना के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है। प्रदेश सरकार नारी को एक ऐसा माहौल देने की ओर अग्रसर है, जिसमें हर नारी यह विश्वास करने लगी है कि वह भी तरक्की के ऊंचे पायदान पर पहुंच सकती है।

हर बालिका को समुचित शिक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने वाली इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जरूरत के मुताबिक समन्वय स्थापित करने के लिए ग्राम्य विकास विभाग से सम्बन्धित फील्ड स्तर के अधिकारियों को समुचित सहयोग करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्हें योजना का प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने एवं उनकी सहायता करने की भी जिम्मेदारी दी गयी है। विस्तृत कार्यक्षेत्र के चलते ग्रामीण इलाकों से प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का खण्ड विकास अधिकारी द्वारा स्थलीय व भौतिक सत्यापन कराने का दायित्व भी इसी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी निभा रहे हैं। पोस्टर-बैनरों से भी योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र बालिका लाभ पाने से छूट न जाये।

पूर्ण सुरक्षा

हर लाभार्थी बालिका को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में 15 हजार रुपये प्रदान किये जायेंगे

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ छह श्रेणियों में

प्रथम श्रेणी
नवजात बालिकाओं को, जिनका जन्म 1 अप्रैल 2019 या उसके बाद हुआ हो, 2000 रुपये की एकमुश्त धनराशि से लाभान्वित किया जायेगा।

द्वितीय श्रेणी
इसमें वे बालिकाएं शामिल होंगी जिनका एक वर्ष के भीतर सम्पूर्ण टीकाकरण हो चुका हो तथा उनका जन्म 1 अप्रैल 2018 से पूर्व न हुआ हो। उन्हें 1000 रुपये एकमुश्त दिये जायेंगे।

तृतीय श्रेणी
इस श्रेणी में वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने चालू शैक्षणिक सत्र के दौरान प्रथम कक्षा में प्रवेश लिया हो। उन्हें एकमुश्त 2000 रुपये प्रदान किये जायेंगे।

चतुर्थ श्रेणी
वे बालिकाएं जिन्होंने चालू शैक्षणिक सत्र के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश लिया हो इस श्रेणी में आयेंगी। उन्हें 2000 रुपये एकमुश्त प्रदान किये जायेंगे।

पंचम श्रेणी
इसमें वह बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने चालू शैक्षणिक सत्र के दौरान नौवीं कक्षा में प्रवेश लिया हो। उन्हें 3000 रुपये एकमुश्त प्रदान किये जायेंगे।

षष्टम श्रेणी
वे सभी बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने 10वीं/12वीं कक्षा उत्तीर्ण करके चालू सत्र में स्नातक-डिग्री या कम से कम दो वर्षीय डिप्लोमा में प्रवेश लिया हो। उन्हें 5000 रुपये एकमुश्त प्रदान किये जायेंगे।

1,200 करोड़ रुपये
कन्या सुमंगला का बजट

बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच बनेगी

'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' राज्य सरकार की एक सार्थक पहल है। यह योजना भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता समाप्त करने, बालिकाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने व बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच पैदा करने में सहायक होगी। टीकाकरण होने से बच्चियों की सेहत अच्छी होगी। मां-बाप पर उनकी पढ़ाई का बोझ घटेगा। उच्च शिक्षा में प्रवेश बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इससे प्रदेश में बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच बनेगी

मातृ और शिशु मृत्युदर में आयी प्रभावी कमी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण व कल्याण के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' सहित तीन दर्जन से अधिक योजनाएं लागू की गई हैं। राज्य सरकार ने इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ ही, जरूरत के अनुसार अपनी योजनाएं भी शुरू की हैं। इससे प्रदेश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी आयी है।

पीलीभीत में सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए सीएम, दिया नवदम्पतियों को आशीर्वाद

पीलीभीत जिले में बिलसंडा के नूरानपुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। उन्होंने इस आयोजन में शादी करने वाले 525 जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनमें से 18 मुस्लिम जोड़े भी थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' है। इसके तहत प्रदेश भर में भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार बिना भेदभाव सभी जरूरतमन्दों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है।

हर माता-पिता का सपना होता है कि बेटी की शादी धूमधाम से हो, लेकिन आर्थिक कमजोरी से उनके अरमान दबे रह जाते हैं। ऐसे में योगी सरकार की 'सामूहिक विवाह योजना' गरीब तबके के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री जी, धन्यवाद! आपकी सरकार की वजह से हमारी शादी हो पायी

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लखनऊ के सरोजनीनगर ब्लॉक परिसर में 30 जोड़ों का विवाह हुआ। इनमें 28 जोड़ों का विवाह हिन्दू और 2 दो जोड़ों का निकाह इस्लामिक रीति-रिवाज से किया गया। सभी नये जोड़ों को सरकार की ओर से 35 हजार रुपये के चेक और जरूरी घरेलू सामग्री प्रदान की गयी। इसी तरह सीतापुर रोड स्थित सौभाग्य लॉन में 51 जोड़ों का विवाह हुआ। यहां 47 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे। वहीं चार मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया। इन्हें मिलाकर राजधानी में कुल 400 जोड़ों की शादी हुई।

जनसत्ता

सुरक्षा का संकट

निर्भया कांड के दोषियों को फांसी पर लटकाने में जिस तरह से वक्त लग रहा है, उससे लोगों के भीतर ये आशंकाएं पैदा होना स्वाभाविक ही है कि कहीं कोई दोषी कोई फंदे पर लटकने से बच तो नहीं जाएगा। ऐसा इसलिए है कि इस कांड के दोषियों के खिलाफ मौत का फरमान जारी करने के मामले में अदालत ने सुनवाई सात जनवरी तक के लिए टाल दी है। हाल में जिस तरह की तैयारी की खबरें आई थीं, उससे यह लग रहा था कि जल्द ही इस मामले में दोषियों को फांसी पर लटका दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए पीड़ित पक्ष सहित देश भर में इस पर निराशा का माहौल बना। हालांकि अदालतें कानून के हिसाब से चलती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक दोषी की पुनर्विचार याचिका भी खारिज कर दी। इससे पहले इस साल जुलाई में तीन दोषियों की पुनर्विचार याचिका खारिज हो चुकी थी। इससे यह तो साफ हो गया है कि अदालतों से दोषियों को अब किसी भी तरह की तरह की राहत मिलने के दरवाजे बंद हो चुके हैं। लेकिन अभी भी सुधारात्मक याचिका और राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका के विकल्प बचे हैं।

बलात्कार-हत्या जैसे जघन्य अपराधों में जिस तेजी से मामलों का निपटारा होना चाहिए, वह मौजूदा न्यायिक व्यवस्था में बेहद मुश्किल है। न्यायिक प्रक्रिया इतनी लंबी खिंचती चली जाती है कि कई बार न्याय की उम्मीद खत्म हो जाती है। निर्भया कांड को सात साल हो चुके हैं। लेकिन अभी तक बचाव पक्ष के लोग कानूनी दांवपेंचों का सहारा लेते हुए बचाव का कोई न कोई रास्ता निकालने की जुगत में हैं। वरना एक दोषी का वकील अदालत के समक्ष ऐसा विचित्र तर्क क्यों रखता कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण जीवन छोटा होता है, उसके मुवक्किल के साथ अन्याय हुआ है, या उसका मामला मीडिया के दबाव से प्रभावित रहा है। जबकि हकीकत यह है कि इस मामले में मीडिया और देशभर में चले आंदोलन से जो दबाव बना, उसी से अदालतों ने भी इसमें फुर्ती दिखाई। वरना देशभर में हजारों मामले ऐसे होंगे जो सालों से लटके पड़े होंगे और जिनकी सुनवाई के बारे में किसी को कोई खबर नहीं होगी। अपराधी, आरोपी और दोषी न्यायिक व्यवस्था की इसी खामी का फायदा उठाते हैं और ज्यादातर मामलों में सजा नहीं हो पाती।

निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा की दिशा में केंद्र सरकार ने जो कदम उठाए, जिस तरह के सख्त कानून बनाए, राज्यों को ऐसे मामलों से निपटने के लिए जो कड़े निर्देश दिए थे, वे एक तरह से बेअसर ही साबित हुए। राज्यों ने इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाया। बिहार, उत्तर प्रदेश सहित देश के तमाम राज्यों महिलाओं के प्रति ऐसे अपराधों का ग्राफ काफी ऊंचा है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड तक ने सबको हिला दिया था। आरोपी सत्तारूढ़ दल का विधायक था, इसलिए लंबे समय तक बचता रहा। सात साल में उत्तर प्रदेश में ऐसी न जाने कितनी वारदात हुई हैं, लेकिन किसी भी मामले में पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिला। ऐसे मामलों के निपटारे के लिए कुछ दिन पहले ही उत्तर प्रदेश सरकार ने त्वरित अदालतों के गठन का फैसला हुआ है। पीड़ितों को न्याय दिलाने के प्रति सरकार की उदासीनता एक बड़ी समस्या है। इसी से अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। अदालतों की अपनी मजबूरियां हैं। स्थानीय पुलिस की भी इसमें बड़ी भूमिका रहती है। अपराधियों को अक्सर मिलने वाला राजनीतिक संरक्षण किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में महिलाएं कैसे सुरक्षित रहेंगी, यह गंभीर सवाल है।

विध्वंस का महिमामंडन

कोई भी समाज अपने सभ्य होने के क्रम में अतीत की नकारात्मक छवियों और गलतियों को दूर करता है और आगे की राह को ज्यादा से ज्यादा सौहार्दपूर्ण बनाता है। बीते हुए दौर में अगर किन्हीं वजहों से कोई सामूहिक बर्ताव सवालों के घेरे में खड़ा होता है तो उसे दुरुस्त करने या उससे बचने की कोशिश ही समाज को मानवीय बनाने के लिए आगे के सफर पर ले जा सकती है। लेकिन कई बार देखा जाता है कि अतीत की किसी ऐसी अराजक गतिविधि का भी महिमामंडन किया जाता है जिसे एक सभ्य और विकासमान समाज में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। कर्नाटक के मंगलुरु शहर के एक स्कूल में सांस्कृतिक समारोह के दौरान जिस गतिविधि का आयोजन किया गया, वह अपने आप में यह बताने के लिए काफी है कि आज भी सामाजिक सौहार्द के सामने किस तरह चुनौतियां खड़ी हैं। गौरतलब है कि आरएसएस से जुड़े स्कूल श्रीराम विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिक खेल समारोह के दौरान एक हिस्से में बाबरी मस्जिद के ढांचे के विध्वंस का नाट्य रूपांतरण दिखाया गया, जिसमें ढेर सारे बच्चे भाग ले रहे थे और दर्शकों में भी बच्चों की बड़ी तादाद थी।

पहली नजर में यह एक सामान्य-सी बात लग सकती है, लेकिन इस प्रस्तुति में सोच और अभिव्यक्ति के कई ऐसे स्तर दिखते हैं जो व्यक्ति और समूह की सोच के दायरे को और संकीर्ण कर सकते हैं। अव्वल तो छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद को जिस तरह अराजक तरीके से गिराया गया था, किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसका समर्थन करना संभव नहीं है। वह एक गैरकानूनी और अराजकता फैलाने वाली गतिविधि थी और हाल में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस समूचे विवाद पर अपने फैसले में उसे गलत ठहराया है। अगर इसे इसी तरह इतिहास के एक ब्योरे के रूप में बच्चों के सामने रखा जाता है या उन्हें इस समूचे प्रसंग से परिचित कराया जाता है तो उसका एक स्पष्टीकरण हो सकता है। लेकिन अराजक विध्वंस की उस घटना का महिमामंडन करती कोई प्रस्तुति आखिर एक सभ्य व्यवस्था में जीते बच्चों और दूसरे लोगों के भीतर किस तरह का संदेश देगी? अब इस प्रस्तुति के आयोजन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने की धारा के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की ओर से जांच और कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। जाहिर है, यह इस मामले का कानूनी पहलू है और जरूरी कार्रवाई होगी, लेकिन यह समझना मुश्किल है कि इस तरह की प्रस्तुति का खयाल आयोजकों को क्यों आया!

एक राजनीतिक समूह की कोई विचारधारा हो सकती है। उसका उपयोग देश की राजनीति में हो सकता है। लेकिन किसी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अगर अतीत की किसी ऐसी घटना के महिमामंडन में शामिल किया जाए, जिसे देश की शीर्ष अदालत ने भी गलत ठहराया है, तो उसे कैसे देखा जाएगा! यह छिपा नहीं है कि बाबरी मस्जिद और राम मंदिर के विवाद ने बहुत लंबे दौर तक देश की राजनीति और सामाजिक सोच को प्रभावित किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब यह मामला फिलहाल अपने अंजाम तक पहुंच गया लगता है। इस फैसले के बाद जागरूक और संवेदनशील समूहों की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि उस अध्याय को पीछे छोड़ कर अब सौहार्द के सफर पर आगे बढ़ा जाए, ताकि संबंधित दोनों धार्मिक समुदायों के बीच प्रेम और विश्वास का माहौल फिर से तैयार हो। लेकिन अतीत की किसी घटना ने देश में दो समुदायों के बीच दूरी की जो रेखा खींची थी, अगर उसे और गहरा करने की कोशिश की जाएगी तो उसके कोई सकारात्मक नतीजे नहीं सामने आ सकते।

कल्पमेधा

स्त्रियों की उन्नति और अवनति पर ही राष्ट्र की उन्नति और अवनति निर्भर है।

– अरस्तू

देश की विरासत से खिलवाड़

स्वामी अग्निवेश

संविधान निर्माताओं ने देश के संविधान में सभी धर्मों, जातियों और लिंगों को बराबरी का अधिकार दिया था। ऐसे में यह कानून भारतीय संस्कृति, संविधान में दिए गए समानता के अधिकारों के साथ ही आजादी के संघर्ष के दौरान निर्मित सामाजिक-राजनीतिक मूल्यों के खिलाफ जाता है।

नागरिकता संशोधन कानून-2019 को लेकर समूचा देश आक्रोशित है। जगह-जगह से धरने-प्रदर्शन और विरोध की खबरें आ रही हैं। विपक्ष के साथ ही देश के बुद्धिजीवियों ने भी इसे देश के सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरनाक बताया है। धार्मिक आधार पर भेदभाव वाले इस कानून की चारों ओर आलोचना हो रही है और इसे भारत के धर्मनिरपेक्ष संविधान को बदलने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारत के इतिहास में अभी तक किसी को धर्म के आधार पर भारतीय नागरिकता देने से मना नहीं किया गया है। लेकिन इस कानून के बाद भारत में शरणार्थी के तौर पर रह रहे मुसलमान भारत की नागरिकता से वंचित हो जाएंगे।

देश का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमान इस कानून से डरा और अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। न सिर्फ मुसलमान, बल्कि पूर्वोत्तर के हिंदू भी इस कानून को अपने हितों के खिलाफ बताते हुए विरोध कर रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, केरल और दिल्ली में भी इसका विरोध करते हुए जन समुदाय सड़कों पर है। देश और दिल्ली के प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राएं इसका मुखर विरोध कर रहे हैं। दिल्ली के जामिया, जेएनयू, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय और हैदराबाद विश्वविद्यालय में धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। किसी भी लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार उसके जिंदा रहने का सुबूत होता है। लेकिन जिस तरह से छात्रों पर पुलिसिया कार्रवाई हुई, वह निंदनीय है। देश में व्यापक नागरिक समाज इसके विरोध में उतर आया है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, बिहार सहित कई राज्यों ने इसे लागू करने से साफ इनकार कर दिया है। पूर्वोत्तर के राज्यों और पश्चिम बंगाल में तो इसका विरोध उग्र रूप अख्तियार करता जा रहा है। असम, मेघालय और त्रिपुरा में तनावपूर्ण हालात हैं। सेना और पुलिस की तैनाती के बाद भी प्रदर्शनकारी कर्फ्यू तोड़ सड़कों पर हैं।

भारतीय समाज को संविधान से मिले समानता और कानूनी बराबरी के अधिकार को खंडित करने वाले इस कानून पर पूरी दुनिया की नजर है, जो कूटनीतिक तौर पर देश के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संघीय अमेरिकी आयोग (यूएससीआइआरएफ) ने स्पष्ट कहा कि भारत में नागरिकता संशोधन कानून 'गलत दिशा में बढ़ाया गया एक खतरनाक कदम' है। भारत के इस कदम से यूएससीआइआरएफ बेहद चिंतित है। आयोग ने कहा, 'धार्मिक बहुलवाद भारत और अमेरिका दोनों ही देशों की नींव है और हमारे साझा मूल्यों में से एक है। नागरिकता के लिए धर्म को आधार बनाना बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत को कमजोर करता है।'

देश भर में हो रहे हिंसक और उग्र विरोध को देखते हुए ही गृहमंत्री ने नागरिकता संशोधन कानून में बदलाव का संकेत दिया है। उनका कहना है कि हम इसका समाधान ढूंढ़ने के लिए सोच सकते हैं। इस अधिनियम से पूर्वोत्तर के लोगों के संस्कृति, भाषा, सामाजिक पहचान और राजनीतिक अधिकार प्रभावित नहीं होंगे। लेकिन प्रधानमंत्री ने विरोध करने वालों का कपड़ा देखने की बात कह कर इस मामले में सत्तापक्ष का रुख साफ कर दिया है। सवाल है कि विरोध करने वालों का कपड़ा और रंग देख कर क्या किसी देश में न्याय किया जाता है? ऐसे में क्या यह समझा जाए कि देश में जो उग्र विरोध हो रहा है उसे शांत करने में शासन-प्रशासन की कोई रुचि और जिम्मेदारी नहीं है?

सरकार पूर्वोत्तर के राज्यों को इस कानून में कुछ सहूलियत देने की बात कर रही है। लेकिन सवाल केवल पूर्वोत्तर का नहीं है। सवाल देश के इतिहास, परंपरा, चरित्र और संविधान की मान्यताओं का है। देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी इस कानून को अपने नागरिकता पर संकट का आहट मान कर सड़कों पर उतर चुकी है। अल्पसंख्यकों को भय है कि हिंदुत्व की पैरोकार सरकार कहीं धीरे-धीरे उसे दोयम दर्जे का नागरिक न घोषित कर दे। विवादास्पद नागरिकता संशोधन कानून-2019 के तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है। इस कानून में उन मुसलमानों को नागरिकता देने के दायरे से बाहर रखा गया है जो भारत में शरण लेना चाहते हैं।

सरकार का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और

अफगानिस्तान इस्लामिक देश हैं। वहां पर अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती होती है और वे भारत में शरण चाहते हैं। इन देशों में मुसलमानों के साथ भेदभाव नहीं होता है। ऐसे में हम वहां से आए अल्पसंख्यकों को ही नागरिकता का अधिकार दे रहे हैं। सरकार की यह दलील सही नहीं है। पहली बात तो यह है कि पाकिस्तान जैसे मुल्क में न सिर्फ अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव होता है, बल्कि अहमदिया मुसलमानों के साथ भी भेदभाव और उत्पीड़न की खबरें आती रहती हैं। दूसरा, सिर्फ धार्मिक उत्पीड़न के आधार पर ही कोई एक देश से दूसरे देश में जाकर नागरिकता नहीं पाना चाहता। आधुनिक समय में रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए भी लोग दूसरे देशों में बसना चाहते हैं। यूरोप और अमेरिका में भारत और एशिया के कई देशों के लाखों लोग नागरिक हैं। उन्हें उनका धर्म देख कर नागरिकता नहीं दी गई है। धर्म को नागरिकता की कसौटी बनाना आधुनिक राष्ट्र-राज्य के विचार का ही विरोध है।

सवाल यहीं से उठना शुरू होता है। भारत सदियों से धर्मनिरपेक्ष चरित्र का देश रहा है। जंगे आजादी में हर जाति और धर्म का खून बहा है। भारत की धार्मिक और जातीय एकता अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बनी रही। अंत में देश छोड़ने के पहले से ही भारतीय उपमहाद्वीप को धर्म और जाति के आधार पर बांटने की साजिशें शुरू हो गई थीं। जिन्ना और मुसलिम लीग के नाम से उन्हें एक मोहरा मिल गया था। लेकिन देश का धार्मिक आधार पर बंटवारा होने के बावजूद हमारे नेताओं ने धर्म के आधार पर भेदभाव को स्वीकार नहीं किया। संविधान निर्माताओं ने देश के संविधान में सभी धर्मों, जातियों और लिंगों को बराबरी का अधिकार दिया था। ऐसे में यह कानून भारतीय संस्कृति, संविधान में दिए गए समानता के अधिकारों के साथ ही आजादी के संघर्ष के दौरान निर्मित सामाजिक-राजनीतिक मूल्यों के खिलाफ जाता है।

नागरिकता कानून का विरोध करने वाले कह रहे हैं कि केंद्र सकार ने इस कानून को बना कर जिन्ना के द्वि-राष्ट्रवाद को स्वीकार कर लिया है। इस कानून से भारत की वह पहचान और विशेषता खंडित हो गई, जिसका जिक्र स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में अपने भाषण में किया था। विवेकानंद ने कहा था-'जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है, उससे मेरा दिल भर आया है। मैं दुनिया की सबसे पुरानी संत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की तरफ से धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों और संप्रदायों के लाखों-करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहिष्णुता पर ही विश्वास नहीं करते, बल्कि सभी धर्मों को सच के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों और सभी देशों के सताए गए लोगों को अपने यहां शरण दी।'

ऐसे में संशोधित नागरिकता कानून न केवल देश के गणतंत्र को छिन्न-भिन्न कर देगा, बल्कि देश की संस्कृति और उसकी परंपरा को भी रौंदने का काम करेगा। यह गैर-संवैधानिक तो है ही, साथ ही भारत की बहुधार्मिक, बहुनस्लीय और बहुभाषी संस्कृति और देश की हजारों साल पुरानी सौहार्दपूर्ण विरासत को भी मटियामेट करने वाला है।

मंजिल की बुनियाद

शिवांशु राय

दुनिया मेरे आगे

दसवीं कक्षा के एक विद्यार्थी ने कहा- 'बुनियाद मजबूत कर रहा हूं, इमारत तो बहुमंजिला ही बनाना है।' ऐसा उसके मुंह से पहली बार मैंने सुना था। यह बात मेरे जेहन में बैठ गई। वास्तव में जीवन का यही तो निर्विवाद सत्य है, जिसकी बिसात पर सफलता की सीढ़ियों का निर्माण होता हैं। जीवन के शुरुआत से अंत तक अनंत भ्रमों में दिग्भ्रमित होकर हम अपने लक्ष्य से दूर त्वरित परिणाम और लक्ष्यों के लिए वैकल्पिक रास्ते की तलाश में अपनी बुनियादी संरचनाओं को खोखला करते जाते हैं और परिणामस्वरूप विफलता के कालजयी परिणामों से रूबरू होना पड़ता है। लक्ष्य के निर्धारण में मनुष्य को अनेक समस्याएं सामने आती हैं जो इस सुदूर सफर की शुरुआत में सबसे पहली बाधा होती है। लक्ष्य के निर्धारण के बाद भी मनुष्य अपने उतावलेपन जैसी मानसिकता पर काबू नहीं रख पाता। वास्तव में यह और भी खतरनाक मोड़ होता है, क्योंकि इंसान उस वक्त दो राह पर खड़ा हो गया रहता है।

मनुष्य जीवन मे अनेक दुश्वारियां आती हैं, जिससे व्यक्ति का मन विचलित होने लगता है। हिम्मत टूटने लगती है, पर धैर्य धारण ही एक ऐसा अस्त्र होता है जो उम्मीदों को मन में दृढ़ता से संजोए रखता है। माना जाता है कि मानवीय जीवन महत्त्वाकांक्षा से भरा हुआ होता है। ऐसे में महत्त्वाकांक्षाओं को जल्दी पूरा करना भी मनुष्य का लक्ष्य होता है। यही उतावलापन उसे अनेक गलतियों की तरफ धकेलता है, जिससे व्यक्ति अपेक्षित परिणाम न मिलने से टूट जाता है। इस अवस्था में भी धैर्य व्यक्ति को ढांढ़स दिए रहता है। दुनिया में इसके तमाम उदाहरण हैं। बल्ब के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिशन ने बल्ब का आविष्कार करने से पहले दस हजार बार नाकाम प्रयास किया था। बावजूद इसके जब उन्होंने सफलता पाई तो उनके शब्द थे- 'मैं हारा नहीं, बल्कि मैंने ऐसे हजार रास्ते खोजे, जिनसे सफलता नहीं मिल सकती'। कितना सुंदर नजरिया है।

धैर्य भले ही इंसान को दिग्भ्रमित होने से रोकता है, पर इंसान के अंदर धैर्यवान और संकल्प भाव का संचार एकाग्रता के कारण ही आता है। आमतौर पर मनुष्य का मन विचलित अवस्था में अधिक रहता है, जिसका मुख्य कारण है तमाम प्रकार की मन में उठ रही उत्सुकताएं। यह अवस्था कुछ समय के लिए आवश्यक भी रहती है, लेकिन हम विचलित मन से अपने जीवन के उद्देश्यों की प्राप्ति नही कर सकते, क्योंकि विचलित मन व्यक्ति को एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने, संकल्पित भाव से अडिग रहने और धैर्य रखने से रोकता है। कभी-कभी विचलित स्वभाव नकारात्मकता को भी जन्म देता है। इस कारण व्यक्ति सकारात्मक चीजों की तरफ से विमुख होने लगता है, जिससे निर्णय लेने की क्षमता क्षीण होने लगती है, मानसिक व्याकुलता में वृद्धि होती है। उतावलेपन में व्यक्ति गलत निर्णय ले लेता है, जो कभी-कभी पतन का कारक बन जाता है। एकाग्रता सबसे पहले मानसिक रूप से व्यक्ति को दृढ़, संयमी और धैर्यवान बनाती है। दृढ़ता व्यक्ति को साहसी बनाती है और साहसी व्यक्ति ही अपने जीवन में निर्णायक कदम उठा सकता है।

मजबूत बुनियाद के लिए प्रेरणा की आवश्यकता होती है। प्रेरणा दो प्रकार से व्यक्ति के अंदर आती है- बाहरी और आंतरिक प्रेरणा। बाहरी प्रेरणा के स्वरूप को देखें तो इसमें स्थायित्व नहीं होता, बल्कि ये क्षणिक होती है, जिसका बिखरना तय है। यह सिर्फ प्रेरक पर निर्भर करती है। जब तक प्रेरक विद्यमान है, तब तक ही बाहरी प्रेरणा व्यक्ति को प्रेरित करता है। यह कभी-कभी व्यक्ति के अंदर मानसिक दबाव, तनाव आदि भी पैदा कर देता है, जिससे उसके अंदर हीनभावना उत्पन्न हो जाती है। इससे कार्य-क्षमता और रचनात्मकता में गिरावट आने लगती है। दूसरी ओर, अंदरूनी प्रेरणा व्यक्ति के अंदर दो कारणों से उत्पन्न होती है। पहला अपनी स्वीकार्यता को बढ़ाने और दूसरा जिम्मेदारियों के निर्वहन का दायित्व समझने पर। जिम्मेदारियां व्यक्ति को अपने लक्ष्य और संकल्प को निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यह सर्वविदित है कि जिम्मेदारियों की कमी प्रेरणा को भी छीन लेती है। इससे व्यक्ति के अंदर नकारात्मक प्रेरणा का संचार होने लगता है। यानी कुल मिला कर आंतरिक प्रेरणा हमेशा व्यक्ति में बनी रहती है और यह सकारात्मकता का संचार करते हुए उसे धैर्यवान और संकल्पित बनाती है। इसके बाद इंसान की सबसे बड़ी चुनौती दौड़ में खुद को बनाए रखने की होती है, क्योंकि इससे अपनी वास्तविकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस कड़ी में इच्छा और इरादा में फर्क करना मनुष्य सीख जाता है, क्योंकि इच्छा डगमग हो सकती है, उसका सौदा हो सकता है, पर इरादे को कोई किसी भी कीमत पर हिला नहीं सकता। और यही मंजिल की ओर राह प्रशस्त करने का जरिया बन जाती है।

इस तरह जिंदगी के रंगमंच पर सफलता की राह में किसी भी मनुष्य को लक्ष्य का निर्धारण, धैर्यपूर्वक और संकल्पित होकर आंतरिक प्रेरणा को उद्वेलित करते हुए उसे आत्मसात करना अहम है। इसी राह पर एक मजबूत बुनियाद की शुरुआत होती है जो भविष्य में व्यक्ति को हर मोड़ पर अलग-अलग तरीकों से मददगार होती है और यही अवस्था स्थायित्व का भी निर्माण करती है।

प्रतिभा का ठौर

इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रप्रेम हर व्यक्ति के लिए सर्वोपरि होना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में देशवासियों को योगदान देना चाहिए। प्रतिभासंपन्न व्यक्ति ही किसी समाज या राष्ट्र की वास्तविक संपदा होती है। इन्हीं की दशा और दिशा पर देश का भविष्य निर्धारित होता है। इन्हीं की बहुलता के कारण कोई देश समृद्ध, खुशहाल और ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी माना जा सकता है। देश-विदेश के जिज्ञासु, विद्वान और प्रतिभासंपन्न लोग इसी कारण हमारे देश में खिंचे चले आते थे। लेकिन आज स्थिति दूसरी है।

प्रतिभा का पलायन कोई नई समस्या नहीं है और न ही किसी एक देश तक सीमित है। यह समस्या दशकों पुरानी है और विश्व के अधिकतर विकासशील देश इससे पीड़ित हैं। लेकिन इसमें सबसे अधिक नुकसान भारत का हो रहा है, क्योंकि प्रतिभासंपन्न लोगों के क्षेत्र में भारत काफी धनी है, लेकिन सबसे अधिक प्रतिभाओं का पलायन यहीं से हो रहा है। हालांकि पहले भी प्रतिभाओं का पलायन होता रहा है, लेकिन इस समस्या को उदारीकरण ने और हवा दी है। साठ से नब्बे के दशकों में ज्यादातर बीस-पच्चीस वर्ष की आयु की युवा प्रतिभाएं ही देश से पलायन करती थीं। नए होने के कारण इन्हें इस उम्र में दूसरे देश के वातावरण और कार्य शैली में ढलने में आसानी होती थी। दूसरा, उस समय अधिकतर वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर आदि ही जाते थे।

आज भारत से कुशल और प्रशिक्षित व्यक्ति विदेश पलायन कर जाते हैं, जिससे भारत में उच्चस्तरीय प्रतिभाओं की कमी हो जाती है। भारत से डॉक्टर व्यापक रूप से विदेशों में पलायन कर रहे हैं, जबकि भारत में जनसंख्या से अनुपात में डॉक्टरों की संख्या काफी कम है। विशेषकर भारत के गांव डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हैं, जिससे भारत की स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। अब वक्त आ गया है और विकास को गति देने के लिए प्रतिभाओं के पलायन को रोकना आवश्यक है। इसके लिए उपयुक्त परिस्थितियां और वातावरण बनाना होगा। यह सरकार की इच्छाशक्ति और महत्त्व पर बहुत कुछ निर्भर करता है। वह इस दिशा में जितनी शीघ्र ठोस कदम तो उचित होगा। भारत सरकार को प्रतिभा पलायन जैसे मुद्दे के लिए सख्त कदम उठाने ही होंगे। देश की प्रतिभाएं अगर देश के ही हित में काम करें तो यह सबसे बेहतर होगा। इसी रास्ते हम अपना वास्तविक सामाजिक विकास कर पाएंगे।

● *अनु मिश्रा, बिदुना, सिवान*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

कसौटी पर संबंध

नागरिकता संशोधन कानून के अमल में आने के बाद पड़ोसियों से हमारे संबंध प्रभावित होंगे। भारत का अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान से संबंध भले ही मधुर न हों, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के साथ उसके संबंध घनिष्ठ रहे हैं। बल्कि बांग्लादेश तो हमारा वह पड़ोसी देश है, जिसको अस्तित्व प्रदान करने में भारत का बड़ा योगदान था और इसी कारण उससे हमारे संबंध बड़े ही घनिष्ठ रहे। अफगानिस्तान से वैसे तो भारत की सीमा नहीं मिलती, फिर भी हमारे संबध उस देश से बड़े ही मधुर रहे हैं। और पिछले पंद्रह वर्षों में भारत ने वहां की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में बड़ा योगदान दिया है। वहां के बहुत सारे नागरिकों ने भारत में शरण भी ले रखी है। ऐसे में हाल में पारित नागरिकता कानून इन दोनों मित्रों से हमारे संबंध को कसौटी पर खड़ा होने का कारण बनता नजर आ रहा है। हमने अगर सभी पड़ोसियों को इसमें सम्मिलित किया होता तो संबंधों पर प्रभाव कम पड़ता, पर वर्तमान रूप में यह कानून हमें अपने पड़ोसियों से दूर करने का कारण बन जाएगा। अपने पड़ोसियों से संबंध बिगाड़ना हमारे हित में कदापि नहीं हो सकता। इसलिए समझदार नागरिक को देशहित में इस कानून का विचार करना चाहिए।

● *वारिस हुसैन, दिल्ली*

लोकतंत्र का कठघरा

सरकार का आरटीआई कार्यकर्ता और खोजी पत्रकार से हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहता है। इसीलिए 2010 में असम का कांग्रेस सरकार द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अखिल गोगोई पर माओवादी होने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज किया था। बाद में बढ़ते विरोध को देखते हुए मामला वापस लिया गया। ठीक उसी दृश्य को दोहराते हुए नागरिकता कानून के विरोध में रैली आयोजित करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा उन पर यूएपीए जैसे खतरनाक कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पिछले अगस्त में ही पारित इस कानून के तहत एनआइए का इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी किसी को भी आतंकवादी करार दे सकता है। अखिल गोगोई को इसका पहला शिकार बनाया गया है। सबसे ज्यादा अलोकतांत्रिक इस कानून में यह है कि इसकी कोई न्यायिक समीक्षा भी नहीं की जा सकती है। अभियुक्त सिर्फ गृह सचिव के पास अपील कर सकता है। यह पद कितना निष्पक्ष होता है, सभी को मालूम है। वर्तमान सरकार जिस तरह के कदम उठाए जा रही है, उसका जवाब में उसे भविष्य में देना पड़ सकता है। देश का लोकतंत्र एक दिन सबको कठघरे में खड़ा करता है।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

किसका विश्वास

नागरिकता संशोधन कानून का विरोध संसद से लेकर सड़क तक पर देखने को मिल रहा है। चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल देश में फिर नोटबंदी के बाद पहली बार देखने को मिल रहा है। गौरतलब है कि डॉ आंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, उसका लोहा अंग्रेजों ने भी माना था। गांधी और आजाद ने इसे सराहा था। ऐसे कानून को छेड़ कर सरकार विचित्र नीतियां थोपने का काम कर रही है। देश की मिट्टी में सभी का खून शामिल है। देश किसी एक समुदाय का कैसे हो सकता है। गांधी के देश में सरकार ऐसी सोच वाली विचाधारा लागू कर रही है, जिनकी देश की आजादी में कोई भूमिका नहीं रही।

पूर्ण बहुमत की सरकार का यह मतलब नहीं कि पूरे संविधान को बदलने का प्रण कर लिया जाए। नोटबंदी के समय भी देश हित का नाम लेकर लोगों को गुमराह किया गया था कि इससे आतंकवादी घटनाएं रुक जाएंगी, काले धन पर लगाम लगेगा। मगर क्या हुआ, यह देश की जनता देख रही है। जहां देश में चर्चा अर्थव्यवस्था को सुधारने, नौकरी के अवसर तलाशने-बनाने की होनी चाहिए, वहां फिजूल के मुद्दों से लोगों का ध्यान बंटाया जा रहा है। सरकार का नारा- 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास', केवल मुहावरा ही साबित हुआ है।

● *मोहम्मद आसिफ, जामिया नगर, दिल्ली*

नई दिल्ली

www.readwhere.com

चमड़े के उत्पादन में कई तकनीक का होता है उपयोग

चमड़े के उत्पादन की एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें कई स्तरों पर कई तरह की तकनीकों का उपयोग किया जाता है। चमड़ा बनाने का काम टैनरी (चमड़ा बनाने का कारखाना) में होता है। पहले जब आधुनिक तकनीक नहीं थी तो टैनरी का काम बड़ा मुश्किल था। लेकिन अब नई तकनीक और रसायनों के उपयोग से इसके स्तर में काफी सुधार आया है। अब रसायनों के उपयोग से इसका शोधन आसान हो गया है।

सूचनापट्ट

दाखिले

आंबेडकर विवि, दिल्ली

आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) के द स्कूल ऑफ बिजनेस, पब्लिक पॉलिसी एंड सोशल आंत्रप्रन्योरशि ने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में दाखिले शुरू किए हैं। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। दाखिला लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को या तो भारतीय प्रबंधन संस्थान की ओर से आयोजित कैट देनी होगी या फिर उन्हें एयूडी की ओर से एमबीए के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा देनी होगी। इतना ही नहीं उम्मीदवार दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकता है ताकि बेस्ट स्कोर के आधार पर उसे दाखिला मिले सके। एयूडी की परीक्षा 23 फरवरी 2020 को आयोजित होगी। सत्र जुलाई 2020 से शुरू होगा।

अंतिम तिथि : 31 दिसंबर, 2019

बीएसडीयू, जयपुर

भारतीय स्किल डेवलपमेंट विश्वविद्यालय (बीएसडीयू), जयपुर ने बैचलर ऑफ वोकेशन (बीवोक) और मास्टर ऑफ वोकेशन (एमवोक) में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर (डॉक्टर) एसएस पाब्ला के मुताबिक बीएसडीयू में विद्युत कौशल, मोटर वाहन कौशल, बढ़ई कौशल, निर्माण कौशल, उद्यमिता कौशल, विनिर्माण कौशल, कार्यालय प्रशासन कौशल, धातु निर्माण कौशल, आइटी-नेटवर्किंग कौशल, मशीनलर्निंग एआइ कौशल, आतिथ्य एवं पर्यटन कौशल आदि पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीवोक में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को पीसीएम के साथ बारहवीं पास या दसवीं के बाद दो साल की आइटीआइ प्रमाणपत्र होना चाहिए। एमवोक में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी के पास बीवोक, बीटेक (संबंधित क्षेत्र में) होना जरूरी है। विश्वविद्यालय मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी देता है।

अंतिम तिथि : 15 जनवरी, 2020

इग्नू, दिल्ली

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जनवरी सत्र के लिए 150 से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इनमें सर्टिफिकेट से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा शामिल हैं। अधिकतर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है लेकिन कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केवल ऑफलाइन ही आवेदन किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के मुताबिक सभी पाठ्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर मौजूद है।

अंतिम तिथि : 31 दिसंबर, 2019

प्रवेश परीक्षा

नीट यूजी-2020

देश के सभी मेडिकल संस्थानों में एबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी परीक्षा 2020) के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इस बार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट एजुकेशन (जिपमेर) में भी इसी परीक्षा के आधार पर दाखिला होगा। अभ्यर्थी राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) और नीट की संयुक्त आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को 27 मार्च से इस परीक्षा के प्रवेश पत्र मिलने शुरू हो जाएंगे। 3 मई 2020 को एनटीए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का आयोजन करेगा। 4 जून को नीट परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा।

अंतिम तिथि : 30 दिसंबर, 2019

छात्रवृत्ति

द जेएन टाटा एंडोवमेंट

द जेएन टाटा एंडोवमेंट की ओर से लोन छात्रवृत्ति के लिए उन विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक हैं। इस योजना के तहत वे विद्यार्थी आवेदन नहीं कर सकते जो पहले से इस योजना के तहत किसी पाठ्यक्रम के लिए लाभ ले चुके हैं। चयनित उम्मीदवारों को उनकी शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर यात्रा अनुदान और उपहार पुरस्कार भी प्राप्त होगा। देश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्थान, कॉलेज से स्नातक पूरा कर चुके विद्यार्थी आवेदन के पात्र हैं। या फिर जो विद्यार्थी जिन्होंने विदेश से अपने दो वर्षीय डिग्री प्रोग्राम के दूसरे वर्ष की शुरुआत कर रहे हों। विद्यार्थी ने अपनी पूर्व परीक्षा में कम से कम 60 फीसद अंक हासिल किए हों। एक लाख से 10 लाख रुपए तक की लोन छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

अंतिम तिथि : 9 मार्च, 2020

बेटियों को बचाने का पहला कदम

मीना

बेटी पैदा होने का मतलब खर्च बढ़ जाना। उसकी शादी और दहेज के लिए भी धन इकट्ठा करना पड़ेगा। बेटी के जन्म पर परिवार में ऐसी चिंताएं फैल जाती हैं। आज कितने ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान शुरू हो गए हों, लेकिन फिर भी बेटियों की हत्या रुक नहीं रही है। कभी बलात्कार, कभी एसिड अटैक तो कभी गर्भ में ही लड़की के भ्रूण को मार डालना। बेटी की पैदाइश पर मातम नहीं खुशियां मनें इसकी ही कोशिश कर रही हैं वाराणसी की डॉ शिप्रा धर।

वाराणसी में डॉ शिप्रा अपना छोटा सा अस्पताल चलाती हैं, जहां वे बेटी के पैदा होने पर प्रसव खर्च नहीं लेती हैं। वे बताती हैं कि हमने जुलाई 2014 में शुरुआत की थी। वे बताती हैं कि हमने ज्यादातर घरों में देखा कि जब लड़की पैदा होती थी तब मायूसी और मातम जैसा छा जाता था। तब मुझे लगा कि कुछ ऐसा करना चाहिए कि उस समय तो लोगों को दुख न हो कि बेटी हुई है। हमने सोचा कि कुछ उपहार दे देंगे। लेकिन फिर मेरे पति ने कहा कि इस तरीके से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कुछ करना है तो जब लड़की पैदा हो तो किसी भी तरह का कोई प्रसव शुल्क मत लो। तो अब हम लोग कोई शुल्क नहीं लेते। जब महिलाएं यहां नर्सिंग होम में प्रसव के लिए आती हैं और उनकी बेटी हो जाए और ऊपर से जब फीस देने का समय आता है तब घर वाले कहते हैं कि अरे मैडम एक तो पेट चीर दिया, लड़की निकाल दी अब ऊपर से आप पैसे भी मांगेंगी। ये बात वे तब नहीं कहते जब लड़का हो जाए और ऑपरेशन करना पड़े। लड़की होने के बाद हाय, तौबा मचा देते हैं। ये सब सुनते-सुनते मैं परेशान हो गई थी। और मैं खुद एक महिला हूं। तो लड़कियों के लिए समाज का ऐसा नजरिया देखकर बहुत दुख होता था।

शिप्रा बताती हैं कि मेरा घर ऊपर है और नीचे नर्सिंग होम है। तो जिस दिन लड़का पैदा होता था उस दिन मेरे बच्चों को ऊपर पता चल जाता था कि आज किसी लड़के की डिलीवरी हुई है। काम के बाद जब मैं ऊपर जाती थी तब बच्चे पूछते थे कि मम्मी आज लड़का हुआ न। तो हम पूछते थे कैसे पता। तो बच्चे बताते कि आज नीचे बहुत हल्ला हो रहा था न। बेटे के बाद घर वाले खुशी से कहते हैं 'अरे बेटा भइले ला। दादी बन गऐलु।' और बेटी के बाद कोई खुशी नहीं होती। सब शांत। सब सन्नाटा।

बेटी नहीं है बोझ, आओ बदलें

डॉ शिप्रा बताती हैं कि साल 2000 से हम प्रैक्टिस कर रहे थे। फिर लड़का लड़की का भेदभाव इतना देखा कि लगा कि अब बेटियों के लिए कुछ करना चाहिए तब हमने बेटी नहीं है बोझ, आओ बदलें सोच का नारा दिया। बिना किसी सरकारी मदद के शिप्रा लोगों की मदद करती हैं। वे कहती हैं कि जब आवश्यकताओं को कम कर दो तो खर्च कम हो जाता है। बस इसी सोच पर हॉस्पिटल चला रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अब तो कुछ ऐसे भी मामले आते हैं जो पूरे नौ महीने कहीं और दिखाते हैं और प्रसव के समय मेरे पास आते हैं। फिर बाद में कुबूलते हैं कि हमें मालूम था कि यहां लड़की पैदा होने पर प्रसव का शुल्क नहीं लिया जाता। शिप्रा बताती हैं कि कुछ ऐसे भी लोग आते हैं जो कहते हैं कि मैडम आप बहुत अच्छा काम कर रही हैं। हम चाहते हैं कि हमारी बेटी आपकी जैसी बने।

लैंगिक असमानता

मुहिम में पति ने की मदद

शिप्रा बताती हैं कि उनके पिता जब शिप्रा छोटी थीं तब गुजर गए थे। जिससे उनका पालन-पोषण अपने ननिहाल में हुआ। वे महिला सोच के बीच पली बढ़ीं। वे बताती हैं कि मेरी इस मुहिम में मेरे पति ने बहुत मदद की। मेरी ससुराल के लोग भी मेरे काम से बहुत खुश थे। लेकिन जब शुरूआत की थी तब समस्या आई थी। क्योंकि तब बच्चे छोटे थे। पर संघर्ष करते रहे और आज सब कुछ सबके सामने है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी सराहा

शिप्रा बताती हैं कि जब कोई मेरे काम के बारे में कहता है कि मोदी जी से प्रेरणा लेकर शुरू किया। तब हम गर्व से कहते हैं कि नहीं हमने मोदी जी से पहले शुरूआत की थी। मोदी जी का बेटी बचाओ अभियान बाद में शुरू हुआ। शिप्रा बताती हैं कि बेटी बचाओ अभियान से हमें फायदा ये हुआ कि हमारे काम को भी पहचान मिलने लगी। शिप्रा की अब तक दो बार प्रधानमंत्री मोदी से बात हो चुकी है। वे बताती हैं कि मोदी जी लोकसभा चुनाव से पहले जब वाराणसी आए थे एक कार्यक्रम में। जिसमें 10 विशिष्ट जनों को बुलाया गया था। तो उसमें से हम भी एक थे। हम सब ने भी अपने काम के बारे में बताया। फिर मोदी जी ने अपने भाषण के बीच में मेरे काम के बारे में बोला। तब मुझे बहुत खुशी हुई थी। हम तो रोने ही लगे थे। इतने बड़े आदमी ने मेरे बारे में इतना अच्छा बोला।

शिप्रा कहती हैं कि अभी भी समाज को बहुत बदलने की जरूरत है। हमने शुरुआत की है। लेकिन फिर भी लोगों को लड़कियों के प्रति अपनी सोच बदलने में बहुत समय लगेगा। शिप्रा अपने काम के अनुभव सांझा करते हुए कहती हैं कि अब तो ऐसे केस आते हैं जिसमें लड़की होने पर लोग खुशी जताते हैं और कहते हैं मैडम बधाई हो लक्ष्मी आई है। अब मेरा पैसा नहीं लगेगा। शिप्रा खुश होकर कहती हैं कि जो डायलॉग हम लोगों से बोलते थे अब वो मुझे बोलते हैं।

गरीब बच्चों को पढ़ाती हैं

शिप्रा मुफ्त प्रसूति कराने के अलावा गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाती हैं। उनके यहां आसपास कई बच्चे पढ़ने आते हैं। इसके अलावा वे हर शनिवार को ओपीडी भी मुफ्त रखती हैं। ताकि गरीब लोग भी अपना इलाज करा सकें। शिप्रा बताती हैं कि हम अपनी तरफ से तो कोशिश कर रहे हैं लेकिन समाज में अभी और लोगों को भी कोशिश करने की जरूरत है। तभी हमारी बेटियां गर्भ में मरने से बच पाएंगी।

सफलता के लिए खुद से कीजिए प्रतिस्पर्धा

परामर्श

किसी प्रतियोगिता या परीक्षा में जीत या हार अधिक मायने नहीं रखती। दोनों ही स्थितियां आपको वास्तविकता से दूर ले जाती हैं। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक आने या कामयाब होने से अहंकारी हो जाते हैं तो ऐसी कामयाबी आपके लिए किसी काम की नहीं। इसी तरह अगर किसी प्रतियोगिता या परीक्षा में विफल होने पर आप निराश हो जाते हैं तो भी वह प्रतियोगिता आपके लिए व्यर्थ है।

प्रतियोगिताएं मनुष्य के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत होती हैं। ये आपको मंजिल तक पहुंचाती हैं। इन प्रतियोगिताओं में हमेशा आपका मुकाबला आपके सहपाठियों या भाई-बहनों से होता है। यह मुकाबला गलत मोड़ तब ले लेता है, जब आपका उद्देश्य दूसरे को हराना बन जाता है। हालांकि प्रतियोगिता और तुलना किसी भी विद्यार्थी के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं लेकिन इनका उसके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव ही पड़ना चाहिए। उसे प्रतियोगिता को खुद के आगे बढ़ने की एक सीढ़ी के तौर पर देखना चाहिए न कि किसी और के बढ़ने को अपने रास्ते की रुकावट के तौर पर।

सबसे पहले खुद को जानें : हर व्यक्ति हर क्षेत्र में उत्कृष्ट नहीं हो सकता है। इस बात को जल्द से जल्द स्वीकार कर लेना चाहिए। अपनी खूबियों को जानें और उन्हें मजबूत करें। इसी प्रकार अपनी कमियों को भी जानें और उन्हें दूर करने की कोशिश करें। कई बार देखा गया है कि एक व्यक्ति की कमियां बाद में उसकी सबसे बड़ा हथियार बन जाती हैं।

अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित करें : दूसरों के परिणामों से खुद का मूल्यांकन नहीं करें। आप अपने लिए नए-नए लक्ष्य बनाएं और उन्हें पूरा करें। आपका मुकाबला खुद से होना चाहिए जिसमें आप अपने पिछले कल से अपने आने वाले कल का मुकाबला करें और हर आने वाले कल को पिछले कल से बेहतर बनने के लिए कोशिश करें।

मेहनत पर अधिक ध्यान दें : जब आप अपनी तुलना दूसरों से करते हैं, तब आप उनके परिणाम पर ध्यान देते हैं। ऐसा करने की बजाय आप अपनी मेहनत पर भरोसा करें और अपने कमजोर पक्ष को मजबूत करने में जुट जाएं। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है और जीवन में सफलता पाने के लिए इससे बचने का कोई उपाय होता ही नहीं है।

दूसरों की सोच की परवाह न करें : कई बार हम दूसरों के कहने और सोचने की बहुत अधिक परवाह करते हैं। दूसरों के कहने पर न जाएं और न ही उससे परेशान हों। खुद की क्षमताओं को पहचानें और पूरी लगन से अपने उद्देश्य की प्राप्ति में लग जाएं। दोस्तों द्वारा समझाई गईं चीजें आसानी से समझ आ जाती हैं, इसलिए खुद को न समझ आने वाली चीजों को अपने दोस्तों से समझें। दोस्तों की अच्छी आदतों से भी सीख लें। हालांकि इसके लिए आपके पास बेहतर दोस्त होने जरूरी हैं।

अन्य लोगों की सफलता पर खुश हों : दूसरों की सफलता से उदास या निराश न हों, बल्कि इसे उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम समझ सीख लें और खुशी जाहिर करें। इससे आपके अंदर निराशा का भाव नहीं रहेगा और आप बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

युवा शक्ति डेस्क

चमड़ा प्रौद्योगिकी में लाखों नौकरियां

सुशील राघव

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के मुताबिक चमड़ा क्षेत्र में पांच सालों में 20 लाख लोगों को रोजगार देने की क्षमता है। आज चमड़े का सामान युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। फैशन और ट्रेंड का इस उद्योग पर बहुत प्रभाव है। भारत का विश्व में चमड़े के उत्पादन और जूते व चमड़े के उत्पाद में लगभग 13 फीसद हिस्सा है। चमड़ा और चमड़ा उत्पाद उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद में एक फीसद से कम का योगदान देता है और जूता उद्योग लगभग दो फीसद योगदान देता है। हमारे देश से पश्चिमी देशों को चमड़े का सामान और जूतों का निर्यात होता है। चमड़े का उपयोग हर तरह के उत्पाद बनाने में होता है। यह उद्योग 2020 तक 9.0 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। प्रौद्योगिकी का हर उद्योग पर व्यापक प्रभाव पड़ा है और चमड़ा उद्योग भी इससे अछूता नहीं है। इस क्षेत्र में आकर युवा अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं।

शैक्षणिक योग्यता

चमड़ा डिजाइनिंग/ टेक्नोलॉजी में बीटेक या बीएससी करने के लिए 12वीं में भौतिक, रसायन और गणित विषय होने चाहिए। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआइटी) में प्रवेश के लिए जेईई-मेन की परीक्षा पास करनी होती है। उसके आधार पर देश के अन्य इंजीनियरिंग संस्थान भी बीटेक में दाखिला देते हैं। चमड़ा प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर करने के लिए विद्यार्थियों के पास चमड़ा प्रौद्योगिकी, बायोटेक्नोलॉजी या केमिकल इंजीनियरिंग की स्नातक डिग्री होना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम

- बीएससी (चमड़ा डिजाइन) ● बीटेक (चमड़ा प्रौद्योगिकी) ● एमटेक (चमड़ा प्रौद्योगिकी)
- डिप्लोमा (चमड़ा उत्पाद डिजाइन) ● डिप्लोमा (जूते डिजाइन एवं उत्पादन) ● सर्टिफिकेट कोर्स (जूते डिजाइन एवं कटिंग) ● कंप्यूटर एडेड शू डिजाइनिंग

संस्थान

- राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली
- केंद्रीय फुटवियर प्रशिक्षण केंद्र, आगरा
- एवी फैशन एवं जूता तकनीकी संस्थान, चंडीगढ़
- चमड़ा सरकारी संस्थान, आगरा
- प्रौद्योगिकी एवं चमड़ा तकनीकी सरकारी कॉलेज, कोलकाता
- कर्नाटक चमड़ा प्रौद्योगिकी संस्थान, बंगलुरु
- पश्चिम बंगाल प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- भारत विज्ञान एवं तकनीकी संस्थान, चेन्नई

अवसर

विदेश में भी हैं मौके

उद्योग के लोगों का कहना है कि चमड़ा प्रौद्योगिकी के जानकारों की मांग विदेश में बहुत है। अमेरिका और ब्रिटेन सहित अन्य देशों में ऐसे चमड़ा प्रौद्योगिकी के जानकारों की मांग लगातार बढ़ रही है जो प्रदूषण कम करके इस कार्य को पूरा कर सकें। इतना ही नहीं चमड़े के उत्पादों के डिजाइनरों की भी वहां की कंपनी में जबर्दस्त मांग है। विदेश में काम करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को अच्छे वेतन के साथ विदेश में उच्च गुणवत्ता के जीवन का आनंद भी प्राप्त होता है।

जरूरी गुण

- तकनीक को आसानी से ग्रहण करने क्षमता
- विज्ञान में रुचि, रसायनों का ज्ञान
- अच्छी संचार क्षमता, प्रबंधन के भी गुण
- संगठनात्मक, योजना बनाने और प्रयोगशाला में काम करने का कौशल
- क्रमबद्ध ढंग से सटीक काम करने की क्षमता
- कंप्यूटर की भी जानकारी हो
- कला में दिलचस्पी
- नई तकनीकी को अपनाने की क्षमता

कार्य

चमड़ा प्रौद्योगिकीविद का काम दफ्तर और मार्केटिंग दोनों क्षेत्रों में होता है। ऑफिस में वह चमड़ा प्रोसेसिंग और उत्पाद डिजाइनरों के साथ काम करता है, जबकि वह मार्केटिंग और सेल्स में ग्राहकों को चमड़े की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी देने का काम करता है। इसके साथ वह चमड़े के उत्पाद बनाने में जुटे तकनीकी के जानकारों को भी नए उत्पाद और नई गुणवत्ता के बारे में जानकारी देता है। चमड़ा प्रौद्योगिकीविद तकनीकी डिजाइनर, स्टायलिश डिजाइनर और गुणवत्ता नियंत्रण जांचकर्ता के साथ भी मिलकर काम करते हैं। वे एक्सपोर्ट हाउस, सरकारी संस्थानों, चमड़ा फर्म, चमड़ा उत्पाद उद्योग के अलावा विश्वविद्यालय और संस्थानों में प्राध्यापक भी बन सकते हैं।

वेतनमान

इस क्षेत्र में अधिकतर नौकरियां निजी क्षेत्र में ही उपलब्ध हैं। स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद उम्मीदवार को इस उद्योग में 15 से 20 हजार रुपए महीने की नौकरी मिलने की संभावना होती है। इसके बाद अनुभव बढ़ने के साथ वेतनमान भी बढ़ता जाता है। नामी कंपनी में नौकरी मिलने पर वेतन भी अच्छा मिलता है। इतना ही नहीं, इस पाठ्यक्रम को करने वाले अपना व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं जिसमें वे कई हजार से लेकर लाखों रुपए प्रति माह तक भी कमा सकते हैं।

www.readwhere.com

पटनायक नागरिकता कानून के समर्थन में, पर एनआरसी के खिलाफ

भुवनेश्वर, 18 दिसंबर (भाषा)।

ओड़ीशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ बीजद एनआरसी का समर्थन नहीं करता है। हालांकि उन्होंने कहा कि पार्टी संशोधित नागरिकता कानून का समर्थन करती है क्योंकि यह सिर्फ विदेशियों पर लागू होता है, भारतीयों पर नहीं। उन्होंने ओड़ीशा के लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर यकीन नहीं करें और शांति बनाए रखें।

पटनायक ने पहली बार दो विवादास्पद मुद्दों पर बीजद का रुख स्पष्ट किया और संशोधित नागरिकता कानून को उनकी पार्टी के समर्थन को उचित ठहराते हुए कहा कि यह सिर्फ विदेशियों पर लागू होता है, भारतीयों पर नहीं। पटनायक ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा, 'संशोधित नागरिकता कानून का भारतीयों से कोई लेना-देना नहीं है। यह सिर्फ विदेशियों पर लागू होता है।' उन्होंने कहा कि लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों में बीजद सांसदों ने यह साफ किया कि पार्टी राष्ट्रीय नागरिक पंजिका (एनआरसी) का समर्थन नहीं करती है। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही राज्य की राजधानी में लोगों ने कानून के विरोध में शांतिपूर्ण रैली निकाली थी और पटनायक से अनुरोध किया था कि वह संशोधित नागरिकता कानून व एनआरसी पर बीजद सरकार का रुख स्पष्ट करें। मुसलिम समुदाय के सदस्यों ने पटनायक के बयान का स्वागत किया है। विपक्षी भाजपा और कांग्रेस ने उनके रुख को लेकर पटनायक की निंदा की है।

ओड़ीशा प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष निरंजन पटनायक ने कहा, 'नवीन बाबू ओड़ीशा के लोगों को मूर्ख मानते हैं। लोगों को पता है कि दिल्ली दरबार में बीजद क्या कर रहा है। सीएए को हां कहना और एनआरसी के लिए न कहना, मुख्यमंत्री के दोहरे मापदंड के अलावा कुछ भी नहीं है।' पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता खरवेल स्वैन ने भी पटनायक के बयान की निंदा की। स्वैन ने पत्रकारों से कहा, 'मुख्यमंत्री एनआरसी का विरोध अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए वैसे ही कर रहे है जैसे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कर रही है। एनआरसी का विरोध करके पटनायक घुसपैठियों को ओड़ीशा में बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।' भाजपा के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज हरिचंदन ने पटनायक के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

'कांग्रेस ने रोक की मांग नहीं की'

पेज 1 का बाकी

दायित्वों के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को संशोधित नागरिकता कानून की संवैधानिक वैधता की समीक्षा करने का निश्चय किया। लेकिन उसने इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पार्टी नेता अभिषेक मनु सिंघवी और जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ यचिका में कांग्रेस ने कानून पर अंतरिम रोक लगाने की मांग नहीं की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून 'असंवैधानिक' है और यह पूर्व की सरकारों द्वारा हस्ताक्षर किए गए अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ जाता है। सिंघवी ने कहा, 'अदालत में दायर याचिका में बुधवार की मुख्य याचिका हमारी थी जो जयराम रमेश ने दायर की थी। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि किसी याचिकाकर्ता ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की थी। हमने अंतरिक रोक की मांग नहीं की थी। हमने केवल कारण बताओ नोटिस जारी करने की मांग की थी।' कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी याचिका को लेकर झूठी बातें फैलायी जा रही हैं। इस संबंध में 55-60 याचिकाएं थी और सुप्रीम कोर्ट ने प्रारंभ में ही स्पष्ट कर दिया था कि वे मुख्य याचिका पर नोटिस जारी कर रहे हैं जिस पर 22 जनवरी को अगली सुनवाई होगी । उन्होंने कहा, 'यह कानून संविधान में वर्णित समानता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन है। इसमें प्रताड़ना का पता लगाने का कोई प्रावधान नहीं है और यह चुनिंदा है। इसमें अजीब बात यह है कि कानून में 'प्रताड़ना' शब्द का जिक्र नहीं है। यह केवल बयानों तक सीमित है।'

बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

देश में बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यौन अपराधों के संदर्भ में अपराध न्याय व्यवस्था का आकलन करने के लिए इनका स्वतः संज्ञान लिया ।प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसने राष्ट्र के मानस को झकझोर दिया था।

जजों ने कहा कि इस तरह के मामलों में विलंब ने हाल के समय में आंदोलन और लोगों के मन में अशांति को जन्म दिया।

पीठ ने इस तरह के मामलों में जांच, साक्ष्य जुटाना, फारेंसिक और मेडिकल साक्ष्य, पीड़ित के बयान दर्ज करना और मुकदमे की सुनवाई की समय सीमा सहित अनेक पहलुओं पर सभी राज्यों और हाई कोर्ट से सात फरवरी, 2020 तक स्थिति रिपोर्ट मांगी है।

पीठ ने कहा कि बलात्कार से संबंधित कानून के प्रावधानों पर अमल और स्थिति के बारे में जानकारी जुटाने की आवश्यकता है। पीठ ने अदालत की मदद के लिए इस मामले में वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा को न्याय मित्र नियुक्त किया है।

तीनों सेनाओं के प्रमुख एनडीए के एक ही बैच के होंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

थल सेना, नौसेना और वायुसेना -तीनों सेनाओं के प्रमुख राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की 1976 बैच के कैडेट होंगे। सैन्य बलों में तीन दशक के बाद यह अनूठा संयोग बना है, जब एनडीए के तीन दोस्त अपनी-अपनी सेना के शीर्ष कमांडर होंगे। अगले थल सेना के प्रमुख के तौर पर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे के नाम पर सरकार की मुहर लगने के बाद यह तस्वीर बन रही है। 31 दिसंबर को जनरल बिपिन रावत के सेवानिवृत होने के बाद नरवाणे 13 लाख की क्षमता वाली भारतीय थलसेना की कमान संभालेंगे। ऑपरेशन और कमांड का लंबा अनुभव रखने वाले नरवाणे, जनरल बिपिन रावत के बाद सबसे अनुभवी सेना अधिकारी हैं।

अनूठा संयोग

मनोज मुकुंद नरवाणे, वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया और नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने 1976 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) का 56वां कोर्स एक साथ किया था। भारतीय सेना के इतिहास में यह दूसरी बार है, जब तीनों सेनाओं के प्रमुख एनडीए के 1976 बैच के कैडेट होंगे।

इससे पहले 1991 में तत्कालीन थलसेना प्रमुख सुनीत फ्रांसिस रोडरिग्ज, नौसेना प्रमुख एडमिरल लक्ष्मी नारायण रामदास और एअर चीफ मार्शल निर्मल चंद्र सूरी ने तीनों सेनाओं का नेतृत्व किया था, उन तीनों ने भी एनडीए का कोर्स एक साथ किया था। लेफ्टिनेंट जनरल नरवाणे 13वें सेना प्रमुख हैं, जिन्होंने एनडीए से कोर्स किया है। एनडीए से पढ़ाई करने वाले 11 कैडेट्स नौसेना और नौ कैडेट्स वायुसेना की कमान संभाल चुके हैं। बाकी सेना प्रमुखों ने भारतीय सैन्य अकादमी, वायुसेना अकादमी और नौसेना अकादमी से पढ़ाई की है।

मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह 31 मई को 24वें प्रमुख बने थे। वे हेलिकॉप्टर पायलट भी रहे हैं। एअर चीफ मार्शल भदौरिया 30 सितंबर को वायुसेना प्रमुख बने थे। वे फाइटर पायलट रहे हैं। सेना प्रमुख बनने जा रहे लेफ्टिनेंट जनरल नरवाणे पैराट्रूपर विंग से हैं।

एनडीए कैडेट के तौर पर तीन साल का कोर्स पूरा करने के बाद तीनों अपनी-अपनी कमान में पहुंचे और जून-जुलाई 1980 में अफसर के तौर पर कमीशन मिला। नरवाणे और भदौरिया एनडीए में लीमा स्क्वाड्रन का हिस्सा थे। एडमिरल सिंह हंटर में थे। एडमिरल सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल नरवाणे कुछ साल तक एक ही स्कूल में पढ़ाई कर चुके हैं। सैन्य प्रमुख 62 साल की उम्र तक या तीन साल तक (जो भी पहले हो) सेवा दे सकता है। दूसरी तरफ थ्री-स्टार जनरल (लेफ्टिनेंट जनरल, एअर मार्शल और वाइस एडमिरल) 60 साल की उम्र में रिटायर हो जाते हैं।

एलओसी पर कभी भी बिगड़ सकते हैं हालात

पेज 1 का बाकी

के अनुसार, इस साल अगस्त से अब तक संघर्षविराम उल्लंघन की नौ सौ से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया है और पाकिस्तानी चौकियों को कई बार अच्छा-खासा नुकसान हुआ है। सोमवार को रात में की गई कार्रवाई में पाकिस्तान के दो कमांडो और तीन घुसपैठिए मारे गए। लेकिन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से लगातार हिमाकत की जा रही है। इसके मद्देनजर भारतीय सेना चौकसी बरत रही है।

बुधवार को उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेट जनरल रणबीर सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर का दौरा किया और वहां सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, अग्रिम चौकियों पर सैन्य कमांडरों के लगातार दौरे जारी हैं। इसी क्रम में आज का सियाचिन दौरा था। लेफ्टिनेट जनरल रणबीर सिंह के साथ फायर एंड फ्यूरी कार्प के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह भी थे। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाओं, खासकर सुंदरबनी सेक्टर में सोमवार रात को बैट हमले के बाद सभी फील्ड कमांडरों को तत्कालिक परिस्थितियों के आधार पर दुश्मन को मुहंतोड़ जवाब देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी अग्रिम इलाकों में घुसपैठ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने व नाके स्थापित करने के लिए कहा है।

सैन्य प्रशासन और रक्षा मंत्रालय लगातार एलओसी की स्थिति की निगरानी कर रहा है। इन दिनों सीमावर्ती इलाकों में लगातार धुंध पड़ रही है। सीमावर्ती इलाकों में नाले जमे हुए हैं या फिर उनमें पानी का बहाव बहुत कम है। इसका फायदा पाकिस्तानी सेना घुसपैठ के लिए उठाना चाहती है। इस कारण घुसपैठ की कोशिश में संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाएं बढ़ी हैं।

रक्षा मंत्रालय ने सुंदरबनी सेक्टर में सभी फील्ड कमांडरों को बैट हमलों को पूरी तरह नाकाम बनाने की रणनीति के साथ ही आतंकरोधी व घुसपैठरोधी तंत्र की समीक्षा कर व्यापक स्तर पर सतर्क रहने को कहा है। उन्हें दुश्मन के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए तत्कालीन प्रभावी जवाबी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि आतंकियों के पुराने गाइडों की निशानदेही की जाए। स्थानीय लोग उनकी गतिविधियों की सूचना स्थानीय चौकियों को दें। सभी फील्ड कमांडरों को उन चौकियों व इलाकों को चिह्नित करने के लिए कहा गया है, जहां से पाकिस्तानी सेना सबसे ज्यादा गोलाबारी व घुसपैठ के लिए इस्तेमाल कर रही है। इसके आधार पर जवाबी कार्रवाई को अमल में लाने के लिए कहा गया है।

निर्भया मामले में अक्षय की याचिका खारिज

पेज 1 का बाकी

पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए कहा कि 2017 के निर्णय पर फिर से विचार का कोई आधार नहीं है। पीठ ने कहा कि इस याचिका में दी गई दलीलों पर अदालत पहले ही अपने मुख्य फैसले में विचार कर चुकी है। पीठ ने कहा कि पुनर्विचार याचिका किसी अपील पर बार-बार सुनवाई के लिए नहीं होती और शीर्ष अदालत मौत की सजा बरकरार रखते समय पहले ही सारे पहलुओं पर विचार कर चुकी है। उसे मुख्य फैसले में ऐसी कोई त्रुटि नहीं मिली जिसके लिए इस पर पुनर्विचार किया जाए। जजों ने कहा- हमें 2017 में सुनाई गई मौत की सजा के फैसले पर पुनर्विचार का कोई आधार नहीं मिला। पीठ द्वारा पुनर्विचार याचिका खारिज करने का फैसला सुनाते ही मुजरिम अक्षय के वकील वकील एपी सिंह ने राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दायर करने के लिए तीन हफ्ते का समय मांगा।

दिल्ली सरकार की ओर से महान्यायवादी तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि कानून में दया याचिका दायर करने के लिए एक हफ्ते के समय का प्रावधान है। जजों ने कहा-हम इस सबंध में कोई राय व्यक्त नहीं कर रहे हैं। यदि कानून के अनुसार याचिकाकर्ता को कोई समय उपलब्ध है तो यह याचिकाकर्ता पर निर्भर है कि वह इस समय सीमा के भीतर दया याचिका दायर करने के अवसर का इस्तेमाल करे। पीठ ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि दोषी ने एक बार फिर अभियोजन के मामले और अदालतों के निष्कर्षों को उठाया है लेकिन इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा कि अक्षय ने भी पुनर्विचार याचिका में ठीक वैसे ही आधार बताए हैं जो अन्य तीन दोषियों ने अपनी याचिकाओं में उठाए थे। दोषी के वकील ने जांच में खामियों का मुद्दा उठाया तो पीठ ने कहा कि इन सब पर निचली अदालत, हाई कोर्ट और शीर्ष अदालत पहले ही विचार कर चुकी है। पीठ ने सवाल किया कि सारी सुनवाई पूरी हो जाने के बाद क्या आप जांच को चुनौती दे सकते हैं। सिंह ने आरोपियों को गिरफ्तार करने और उनकी शिनाख्त परेड की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और कहा कि मीडिया का दबाव अभी भी है। इस संबंध में उन्होंने हाल ही में तेलंगाना में सामूहिक बलात्कार और हत्या के आरोपियों की मुठभेड़ का भी जिक्र किया। अक्षय की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के दौरान निर्भया के माता-पिता भी अदालत में मौजूद थे।

इससे पहले दिल्ली सरकार की ओर से अदालत में याचिका का विरोध करते हुए तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि कुछ अपराध ऐसे होते हैं जिनमें मानवता रोती है और यह मामला उन्हीं में से एक है। मेहता ने कहा- कई ऐसे अपराध होते हैं जहां भगवान बच्ची (पीड़िता) को ना बचाने और ऐसे दरिंदे को बनाने के लिए शर्मसार होते होंगे। ऐसे अपराधों में मौत की सजा को कम नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो होना तय है उससे बचने के लिए निर्भया मामले के दोषी कई प्रयास कर रहे हैं और कानून को जल्द अपना काम करना चाहिए।

भारत में हिंसा पर संरा चिंतित

पेज 1 का बाकी

की प्रवक्ता ने जिनेवा में कहा कि यह चिंता की बात है कि नागरिकता कानून की प्रकृति मूल रूप से भेदभावपूर्ण है। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, 'ऐसी पहल का स्वागत होना चाहिए, यह कानून नागरिकता पाने के इच्छुक सभी समुदायों के लिए पहले से मौजूद मार्गों पर प्रभाव नहीं डालेगा।'

संशोधित नागरिकता कानून के मुताबिक 31 दिसंबर 2014 तक अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। विधेयक के इस माह संसद में पेश होने के बाद से ही देश में इसके खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गए थे, जिसने इसके पारित होकर कानून बनने के बाद उग्र रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह कानून 'असंवैधानिक एवं विभाजनकारी' है।गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा, 'हम संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ जारी प्रदर्शनों में हो रही हिंसा और सुरक्षा बलों के कथित तौर पर अत्यधिक बल के इस्तेमाल को लेकर चिंतित हैं। हम संयम बरतने और अभिव्यक्ति व राय रखने की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण रूप से एकत्र होने के अधिकारों के पूर्ण सम्मान का आग्रह करते हैं।'

दुजारिक से पूछा गया था कि सीएए के खिलाफ भारत में जारी प्रदर्शन को लेकर क्या महासचिव कुछ टिप्पणी करना चाहते हैं। साथ ही दुजारिक ने कहा कि वह अधिनियम पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की उच्चायुक्त मिशेल बैचलेट की टिप्पणियों का भी जिक्र करना चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की उच्चायुक्त की प्रवक्ता ने जिनेवा में कहा कि यह चिंता की बात है कि सीएए की प्रकृति मूल रूप से भेदभावपूर्ण है। संशोधित कानून भारत के संविधान में निहित समानता के कानून और नागरिक व राजनीतिक अधिकार पर अंतरराष्ट्रीय अनुबंध व नस्लीय भेदभाव -उन्मूलन के लिए हुई संधि के तहत भारत के दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को कमतर करता है। भारत इस अनुबंध व संधि का हिस्सा है जो नस्लीय, जातीय या धार्मिक आधार पर भेदभाव को निषिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की उच्चायुक्त की प्रवक्ता ने कहा, 'नागरिकता प्रदान करने संबंधी व्यापक भारतीय कानून पहले से मौजूद हैं, इन संशोधनों का राष्ट्रीयता तक लोगों की पहुंच पर भेदभावपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।' भारत ने कहा है कि संशोधित नागरिकता कानून विभिन्न देशों से धार्मिक प्रताड़ना के कारण पहले से भारत में रह रहे लोगों को भारतीय नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाएगा।

नागरिकता कानून पर रोक से इनकार, केंद्र को नोटिस

पेज 1 का बाकी

22 जनवरी को सुनवाई करेगी। पीठ वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की इस दलील से भी सहमत हुई कि आम जनता को इस कानून के उद्देश्यों और विवरण से अवगत कराया जाना चाहिए। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल से कहा कि इस कानून के प्रावधानों के बारे में जनता को जागरूक बनाने के लिए आडियो-वीडियो माध्यम का इस्तेमाल करने पर विचार करें। वेणुगोपाल ने इस सुझाव से सहमति व्यक्त की और कहा कि सरकार इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएगी। इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कुछ याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने नए कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया। अटार्नी जनरल ने इसका विरोध किया और कहा कि कम से कम चार ऐसे फैसले हैं जिनमें यह व्यवस्था दी गई है कि कानून की अधिसूचना जारी होने के बाद उस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। जजों ने कहा- हम इस पर रोक नहीं लगा रहे हैं। इस कानून पर रोक लगाने के बारे में सुनवाई की अगली तारीख 22 जनवरी को दलीलें दी जा सकती हैं।

एक याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव धवन ने कहा कि इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह अभी तक लागू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत अभी नियम बनाए जाने हैं। इंडियन यूनियन मुसलिम लीग ने भी इस कानून को चुनौती दी है। इस दल ने अपनी याचिका में कहा है कि यह कानून संविधान में प्रदत्त समता के मौलिक अधिकार का हनन करता है और इसका मकसद अवैध तरीके से भारत आए शरणार्थियों में से एक वर्ग को धर्म के आधार पर अलग करना है।

इस याचिका में नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन के साथ ही विदेशी नागरिक आदेश, 2015 और पासपोर्ट (आगमन के नियम) संशोधन विनियमन 2015 पर अंतिरम रोक लगाने का भी अनुरोध किया गया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस कानून को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में कहा है कि क्या भारत में नागरिकता देने या इससे इनकार करते समय धर्म एक पहलू हो सकता है? याचिका में कहा गया है कि इसमें अनेक महत्त्वपूर्ण कानूनी सवाल अदालत के विचारार्थ उठाए गए हैं।

इसके अलावा राजद के मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, एआइएमआइएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, आल असम स्टूडेंट्स यूनियन, सिटीजन्स अगेंस्ट हेट, रिहाई मंच, पीस पार्टी, वकील मनोहर लाल शर्मा और कानून के छात्रों ने भी नागरिक संशोधन कानून को चुनौती दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद 12 दिसंबर को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने इसे अपनी संस्तुति देकर कानून का रूप प्रदान कर दिया था।

मिस्त्री को बहाल करने का आदेश

पेज 1 का बाकी

किए जाएं। साथ ही, उसने इस पद पर एन चंद्रशेखरन की नियुक्ति को गैरकानूनी बताया। हालांकि, न्यायाधिकरण ने कहा कि बहाली आदेश चार सप्ताह बाद अमल में आएगा। टाटा संस को अपील करने के लिए यह समय दिया गया है।

न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया। याचिका मिस्त्री और दो निवेश कंपनियों की तरफ से दाखिल की गई थी। जुलाई में न्यायाधिकरण ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। साइरस मिस्त्री टाटा संस के छठे अध्यक्ष थे और उन्हें इस पद से 24 अक्तूबर 2016 को हटा दिया गया था। रतन टाटा के बाद उन्होंने दिसंबर 2012 में अध्यक्ष का पद संभाला था।

इस वाद में निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए अपीलीय न्यायाधिकरण ने टाटा संस को पब्लिक फर्म से बदल कर प्राइवेट फर्म बनाने की कार्रवाई को भी रद्द कर दिया है।

टाटा संस में मिस्त्री के परिवार की हिस्सेदारी 18.4 फीसद है। मिस्त्री ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में उन्हें पद से हटाए जाने को चुनौती दी थी। मिस्त्री के परिवार की कंपनी साइरस इन्वेस्टमेंटस एंड स्टर्लिंग इनवेस्टमेंट्स ने टाटा संस और रतन टाटा समेत 20 अन्य के खिलाफ उत्पीड़न और कुप्रबंधन का मामला दर्ज कराया था।

कंपनी कानून, 2013 की धारा 244 कंपनी के किसी शेयरधारक को कंपनी के खिलाफ उत्पीड़न और कुप्रबंधन का मामला दर्ज कराने की अनुमति देता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि कंपनी के निर्गमित शेयरों का कम से कम 10 फीसद हिस्सा उसके पास होना चाहिए।

एनसीएलटी के उक्त निर्णय के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण में जाने पर साइरस मिस्त्री के पक्ष को आंशिक जीत मिली थी। एनसीएलएटी ने 10 फीसद शेयरधारिता की शर्त को हटा दिया, लेकिन मामले को फिर विचार के लिए एनसीएलटी में भेज दिया था।

पिछले साल जुलाई में एनसीएलटी ने मिस्त्री को पद पर बहाल किए जाने की याचिका खारिज कर दी और कुप्रबंधन व अल्पांश हिस्सेदारों के उत्पीड़न के आरोपों को भी खारिज कर दिया था। उसके बाद मिस्त्री ने मुंबई एनसीएलटी के निर्णय के खिलाफ अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील की।

लॉटरी पर 28 फीसद दर से जीएसटी

पेज 1 का बाकी

18 फीसद करने का भी निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में औद्योगिक पार्क स्थापित करने में सुविधा के लिए औद्योगिक भूखंडों के दीर्घकालिक पट्टों पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय भी किया गया है। परिषद ने जुलाई 2017 से जीएसटीआर-1 के तहत विवरण दाखिल नहीं करने के मामलों में जुर्माने में ढील देने का निर्णय लिया है। जीएसटी परिषद ने बुधवार को पहली बार किसी मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए मतदान का सहारा लिया और लॉटरी पर कर को लेकर यह नौबत आई। इस मुद्दे पर राज्यों के बीच मतैक्य नहीं हो पा रहा था और बहुमत से लॉटरी पर 28 फीसद की एक समान दर से जीएसटी लगाने का निर्णय हुआ। इससे पहले परिषद की 37 बैठकों में एकमत से निर्णय लिए जाते रहे। सूत्रों ने बताया कि 38वीं बैठक में जब लॉटरी पर कर का मुद्दा रखा गया तो राज्यों में मतैक्य का अभाव रहा। इस कारण मामले में बहुमत से निर्णय लेने के लिए मतदान का सहारा लिया गया। सूत्रों ने कहा कि लॉटरी पर एक मार्च से 28 फीसद की दर से एकसमान कर प्रभावी होगा। अभी लॉटरी पर कराधान में दो तरह की व्यवस्था है। इसके तहत राज्य की लाटरी की राज्य में बिक्री पर 12 फीसद और राज्य के बाहर की बिक्री पर 28 फीसद की दर से जीएसटी लगाया जाता है।

उन्होंने बताया कि 21 राज्यों ने 28 फीसद की दर से जीएसटी लगाने का समर्थन किया, जबकि सात राज्यों ने इसका विरोध किया। लॉटरी उद्योग लंबे समय से 12 फीसद की दर से एकसमान कर लगाने और पुरस्कार की राशि को करमुक्त करने की मांग कर रहा था। उसका कहना था कि दोहरे कर से लॉटरी उद्योग की वृद्धि पर असर पड़ रहा है।

जीएसटी परिषद ने लॉटरी पर कर को लेकर राज्यों में मतैक्य लाने के लिए महाराष्ट्र के पूर्व वित्त मंत्री सुधीर मुंगंतिवार की अध्यक्षता में मंत्रियों के आठ सदस्यीय समूह का गठन किया गया था।

दरअसल

नंदकिशोर आचार्य व शशि थरूर को साहित्य अकादेमी पुरस्कार

पेज 1 का बाकी

पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अंग्रेजी में कथेतर गद्य 'एन एरा ऑफ डार्कनेस' के लिए थरूर को साहित्य अकादेमी पुरस्कार से नवाजा जाएगा। थरूर कांग्रेस नेता हैं और केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सदस्य हैं। राव के मुताबिक, 'सवनेह-सर सैयद : एक बाजदीद (जीवनी) के लिए शाफे किदवई को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा, असमिया में जयश्री गोस्वामी महंत को 'चाणक्य' (उपन्यास), मणिपुरी में बेरिल थंगा (एल. बिरमंगल सिंह) को 'ई अमादी अदुनगीगी ईठत' (उपन्यास), तमिल में चो. धर्मन को 'सूल' (उपन्यास), और तेलुगु में बंदि नारायणा स्वामी को 'सेप्ताभूमि' (उपन्यास) के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार दिया जाएगा। श्रीनिवासराव ने कहा कि बोडो में फुकन चंद्र बसुमतारी को 'आखाइ आथुमनिफ्राय' (कविता), कोंकणी में निलबा आ. खांडेकार को 'ध वड्र्स' (कविता), मैथिली में कुमार मनीष अरविंद को 'जिनगीक ओरिआओन करैत' (कविता), मलयालम में वी. मधुसूदनन नायर को 'अचन पिरन्ना वीदु' (कविता), मराठी में अनुराधा पाटील को 'कदाचित अजूनही' (कविता), संस्कृत में पेन्ना-मधुसूदन को 'प्रज्ञाचाक्षुषम' (कविता) के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

कहानी संग्रह के लिए अब्दुल अहद हाजिनी (कश्मीरी) को 'अख याद अख कयामत', तरुण कांति मिश्र (ओड़िया) को 'भास्वती', किरपाल कजाक (पंजाबी) को 'अंतहीन', रामस्वरूप किसान (राजस्थानी) को 'बारीक बात', काली चरण हेम्ब्रम (संथाली) को 'सिसिरजली', ईश्वर मूरजाणी (सिंधी) को 'जीजल' के लिए सम्मानित किया जाएगा। बांग्ला में 'घुमेर दरजा थेले' (निबंध) के लिए चिन्मय गुहा को, डोगरी में 'बंदरालता दर्पण' (निबंध) के लिए ओम शर्मा 'जंद्रयाड़ी' को, गुजराती में 'मोजमा रे' वुं रे!' (निबंध) के लिए रतिलाल बोरीसागर को, कन्नड़ में विजया को 'कुड़ी एसारू' (आत्मकथा) के लिए पुरस्कार दिया जाएगा।

श्रीनिवासराव के मुताबिक इन पुस्तकों को संबंधित भाषा के त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन-प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत के आधार पर अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार एक जनवरी 2013 से 31 दिसंबर 2017 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों को दिया गया है। साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपए की राशि प्रदान करेगी। घोषित पुरस्कार 25 फरवरी 2020 को दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह (साहित्योत्सव) में दिए जाएंगे।

सीलमपुर में आठ गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

किया गया। जामा मस्जिद के शाही इमाम अहमद बुखारी ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन करना लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार है। कोई ऐसा करने से हमें नहीं रोक सकता। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि यह प्रदर्शन नियंत्रण में किया जाए और हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें।

सीलमपुर हिंसा मामले में पहले छह और बाद में दो कुल मिलाकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने सीलमपुर और जाफराबाद में फ्लैग मार्च किया। बुधवार सुबह सभी मेट्रो स्टेशनों के सभी गेट खोल दिए गए और सेवा सामान्य कर दी गई। क्षेत्रीय संयुक्त आयुक्त आलोक कुमार ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस फेसबुक और ट्विटर पर भी नजर बनाए हुए है जिससे झूठी और गलत न्यूज फैलाई गई है। धारा 144 के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर चार से ज्यादा लोग इकट्ठा नहीं हो सकते। कोई प्रदर्शन नहीं कर सकता है। बुधवार को क्षेत्र के कुछ स्कूल और बाजारों में दुकानें सुबह खुल गईं। हर्ष विहार और सोनिया विहार पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर उत्तर-पूर्व दिल्ली में एहतियाती कदम उठाते हुए निषेधाज्ञा लागू की गई है।

उधर जामिया हिंसा मामले में आरोपित बनाए जाने के बाद बुधवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मुहम्मद खान जामिया नगर पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने मीडिया को बताया कि वह समर्पण करने थाने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। मामला अपराध शाखा में स्थानांतरित होने की वजह से उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। जामिया नगर थाने में दर्ज इस मामले में छह और लोगों को आरोपित बनाया गया है। खान 2009 में उपचुनाव और साल 2013 में विधानसभा चुनाव जीते थे।

नई दिल्ली

www.readwhere.com

मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में युवाओं को 50 फीसद किराए में छूट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 दिसंबर।

एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत युवाओं को मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के सफर में 50 फीसद तक छूट मिलेगी। रेल मंत्रालय ने इस योजना की घोषणा की है। इसका मकसद युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों से जोड़ना है। यह राहत द्वितीय श्रेणी व शयन श्रेणी के लिए होगी। योजना के तहत एक छात्र दूसरे राज्य जाने के लिए प्रतिमाह 5000 रुपए तक का लाभ ले सकेगा।

रेल मंत्रालय के मुताबिक सामान्य रेल सेवा में ही योजना का लाभ स्कूल व कॉलेज के छात्र ले सकेंगे। विशेष ट्रेन या कोच के लिए यह राहत लागू नहीं होगी। योजना के तहत एक छात्र को एक ही बार 300 किलोमीटर तक की यात्रा का लाभ मिलेगा। छात्र को इस छूट के लिए रेलवे द्वारा जारी फार्म को संबंधित शिक्षण संस्थान से प्रमाणित करवाकर लाना होगा।

300 किलोमीटर के दायरे में सफर करने वाले युवाओं को होगा लाभ

यह फार्म मुख्य व्यवसायिक प्रबंधक के नाम पर होगा, जो छात्र को छूट दिए जाने का आदेश देगा। आरक्षण शुल्क समेत अन्य शुल्क का भुगतान छात्र को करना होगा। यह आदेश आने व जाने दोनों दिशाओं के लिए लागू होगा।

दुर्घटना पीड़ित के परिवार को नौ वर्षों बाद 30 लाख का मुआवजा

ठाणे, 18 दिसंबर (भाषा)।

ठाणे मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 2011 में एक सड़क दुर्घटना में मरे एक व्यक्ति के परिवार को 30 लाख का मुआवजा दिया है। हाल में दुर्घटना में शामिल वाहन के मालिक और बीमा कंपनी को दावा दाखिल किये जाने की तिथि से 7.5 फीसद सालाना ब्याज के साथ मुआवजा देने के निर्देश दिए थे।

विभिन्न कार्य-क्षेत्रों में कैरियर के अवसर सी-डैक CDAC

प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्था है, जो निम्न ग्रुप-ए पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है-

क्र.	पदनाम	वेतन स्तर	पदों की सं.	श्रेणी
1	केंद्र प्रमुखः संयुक्त/सह निदेशक	13 13A	2	अनारक्षित 2
2	प्रबंधक (मासंवि)	12	3	अनारक्षित 2 एससी 1 एसटी 1 ईडब्लूएस 1
3	प्रबंधक (विधि)	12	2	
4	वरिष्ठ मासंवि अधिकारी	11	2	अनारक्षित 2 ओबीसी 2 ईडब्लूएस 1
5	वरिष्ठ विधि अधिकारी	11	2	
6	क्रय अधिकारी	10	1	
7	वित्त अधिकारी	10	2	एससी 2

कार्य स्थलः पुणे, मोहाली, त्रिवेंद्रम, बेंगलुरु, सिलचर और पटना

आवेदन कैसे करें: इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना के लिए www.cdac.in पर "careers" पर जाएं और 12 जनवरी, 2019 तक ऑनलाइन आवेदन करें।

ध्यान दें: इस संबंध में परिशिष्ट/आगे संचार, अगर कोई हो तो, केवल सी-डैक की वेबसाइट पर ही अधिसूचित किया जाएगा-

निदेशक (मासंवि) विज्ञापन सं. **CORP/GR.A/03/2019**

davp-06132/11/0010/1920

पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाली महिला पर मामला दर्ज

पालघर, 18 दिसंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के पालघर जिले के मानिकपुर थाने में पुलिसकर्मियों के साथ कथित तौर पर मारपीट करने और गाली-गलौज करने के आरोप में 44 साल की एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पालघर पुलिस के पीआरओ हेमंत काटकर ने बताया कि प्रतिमा देशमुख धोले पर भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 353 (हमला) और 332 (सरकारी कर्मचारी को उसकी ड्यूटी से रोकने के लिए जानबूझ कर हमला करना) और महाराष्ट्र पुलिस कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब प्रतिमा के पति शौमिक धोले को पूछताछ के लिए पुलिस ने सोमवार को थाने बुलाया था।

विज्ञापन संख्या: 20/514

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

एनएचपीसी लिमिटेड
में
निदेशक (परियोजनाएं)

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
लोक उद्यम चयन बोर्ड में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि

19 फरवरी, 2020 (15:00 बजे तक) है।

जानकारी के लिए वेबसाइट
http://www.pesb.gov.in
में लॉगइन करें।

न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड

NHHFDL

पंजीकृत कार्यालय : न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड मैज़नाईन तल, एम-4, नई दिल्ली साउथ एक्सटेंशन पार्ट-।।, नई दिल्ली-110049
कॉरपोरेट कार्यालयः सी-1, सैक्टर-3, नोएडा-201301, फोन. 0120-4180500

कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का नं. 54) (के अधीन न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड (इसके बाद "अधिनियम" के अनुसार) का प्राधिकृत अधिकारी होने के कारण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदार **श्री राहुल बंसल, श्रीमती मधु बाला बंसल और श्री नरेंद्र कुमार बंसल** को दिनांक 18.09.2019 को मांग सूचना जारी की गयी थी, जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि रु. 33,54,370/- (रु. तैंतीस लाख चौवन हजार तीन सौ सत्तर मात्र), लोन खाता नं. NHS/N/HEA/NOI/0216/0007 साथ में भविष्य का ब्याज एक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), के नियम 8 और 9 साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक 17.12.2019 को लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार तथा सामान्य रुप से जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड (एनएचएचएफडीएल) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रु. 33,54,370/- (रु. तैंतीस लाख चौवन हजार तीन सौ सत्तर मात्र), लोन खाता नं. NHS/N/HEA/NOI/0216/0007 और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा(8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसम्पत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

सम्पत्ति का विवरण

ओल्ड सम्पत्ति नं. 155, नया सम्पत्ति नं. 240, कपूर बेकरी के पास, मोहल्ला सोहन लाल, सिहानी गेट, जिला गाजियाबाद, यू.पी. में स्थित, चौहद्दी : उत्तर में – लायक राम मित्तल की सम्पत्ति, दक्षिण में – हरकिशोर इत्यादि का मकान, पूरब में – विक्रेता की सम्पत्ति, बंधु नाली और सरकारी रोड, पश्चिम में – अमीचंद का मकान

दिनांक: 17.12.2019, स्थान : नोएडा — प्राधिकृत अधिकारी, न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड

महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनांस लि. — कब्जा सूचना

कॉर्पोरेट कार्यालयः साधना हाउस, 2रा तल, 570, पी.बी. मार्ग, वर्ली, मुम्बई-400018, टेली: 22 66523500, फैक्सः +91 22 24972741
CIN: U6592MH2007PL169791, अंचल कार्यालयः एलडीए कॉलोनी, बी2/बी70, कानपुर रोड, फीनिक्स माल के निकट, लखनऊ-226005

जैसा कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के 54 के अंतर्गत) महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनांस लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार जारी कर ऋणधारकों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि के साथ वास्तविक वसूली की तिथि तक सभी लागतों, चार्जेज तथा खर्चे वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

उक्त ऋणधारक/सह-ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/सह-ऋणधारकों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित तिथियों को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय संबंधित तिथियों से आगे के ब्याज, लागतों तथा चार्जेज के साथ उसमें निर्दिष्ट राशि के लिये महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारकों, सह-ऋणधारकों तथा गारन्टरों, अनुसूचित सम्पत्ति, बकाया देयता, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजी गई मांग सूचनाऐं तथा उसके अंतर्गत मांग की गई राशि, कब्जा की तिथि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्रम सं.	ऋणधारक, सह-ऋणधारक का नाम एवं पता, ऋण खाता सं., ऋण का राशि	अचल सम्पत्ति का विवरण	1. कब्जा की तिथि 2. मांग सूचना तिथि 3. रु. में बकाया राशि
1.	722416/ XSEMGZB00607843 कृष्ण, रेखा (सांकेतिक कब्जा)	ग्राम पंचायत सम्पत्ति सं. माप 900 वर्ग फीट, गणना रजिस्टर-खसरा नं. 433/1, ग्राम घुखना, परगणा लोनी, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 में का सभी भाग तथा हिस्सा।	1. 14.12.2019 2. 23.08.2019 3. रु. 535403/-
2.	653955/ XSEMGZB00549343 नीरज कुमार, सचिन, ज्योति (सांकेतिक कब्जा)	ग्राम पंचायत सम्पत्ति नं. खसरा नं. 28, गोकुल धाम एन्क्लेव, ग्राम बिशोखर परगणा गाजियाबाद, मोदीनगर (एनपीपी), मोदी नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204 का सभी भाग तथा हिस्सा।	1. 14.12.2019 2. 23.08.2019 3. रु. 808788/-
3.	646126/ XSEMGZB00523305 सोविनदर सिंह, सरोज (सांकेतिक कब्जा)	ग्राम पंचायत सम्पत्ति सं. माप 323 वर्ग फीट, गणना रजिस्टर-प्लॉट नंः 3 आरएसएफ/179, सेक्टर-3, 2रा तल, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 का सभी भाग तथा हिस्सा।	1. 14.12.2019 2. 23.08.2019 3. रु. 754692/-
4.	587637/ XSEMGZB00482576 ललित कुमार राव, कृष्ण कुमार, रविन्दर कुमार राव (सांकेतिक कब्जा)	ग्राम पंचायत सम्पत्ति सं. माप 540 वर्ग फीट, गणना रजिस्टर-खसरा नं.-83, कृष्णा कुंज, इन्द्रपुरी कॉलोनी, मोदीनगर, गाजियाबाद, गाजियाबाद, गाजियाबाद-मोदी नगर, उत्तर प्रदेश-201004 का सभी भाग तथा हिस्सा।	1. 14.12.2019 2. 23.08.2019 3. रु. 1084506/-

स्थानः गाजियाबाद, तिथिः 19.12.2019 — (शिशिर सुमन), प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनांस लि. के लिये

कार्यालय वसूली अधिकारी-।
ऋण वसूली अधिकरण-।।।, दिल्ली
चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली - 110 001

आर. सी. सं. 04/2018 — ई-नीलामी बिक्री सूचना — **दिनांक : 28.11.2019**

केनरा बैंक बनाम मैसर्स राज अरोड़ा एवं अन्य

दिनांक 28.11.2019 के आदेशानुसार केनरा बैंक बनाम मैसर्स राज अरोड़ा एवं अन्य के खाते की निम्नांकित सम्पत्ति की सार्वजनिक ई-नीलामी "ऑनलाइन ई-नीलामी" वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से होगी।

ई-नीलामी की तिथि और समयः दिनांक 26.02.2020, अपराह्न 03.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे के बीच (5 मिनट प्रत्येक की अवधि के विस्तार के साथ, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
सम्पत्ति डीडीए फ्लैट नं. 134, तृतीय तल, पॉकेट ई, सैक्टर-बी-2, नरेला, नई दिल्ली में स्थित	रु. 10,00,000/- (रु. दस लाख मात्र)	रु. 1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र)

नियम व शर्तें

(1) नीलामी/बिक्री वेबसाइट के माध्यम से "ऑनलाईन इलेक्ट्रोनिक विधि द्वारा ई-नीलामी" होगी।

(2) इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त ई-नीलामी में भाग लेने के लिए सर्विस प्रोवाईडर से यूजर आईडी/पासवर्ड अनिवार्य रूप से प्राप्त करना होगा। इसे केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब निर्धारित विधि द्वारा अपेक्षित जमा धरोहर राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

(3) धरोहर राशि, **डी डी/पे आर्डर के रुप में जो कि "Recovery Officer-I, DRT-III, Delhi** के पक्ष में दिल्ली में देययोग्य हो जो वसूली अधिकारी-।, डीआरटी-।।।, दिल्ली के कार्यालय में दिनांक **24.02.2020** को जमा कराना होगा। धरोहर राशि इसके पश्चात नीलामी के लिए स्वीकार नहीं की जायेगी।

(4) पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण तथा पहचान प्रमाण, ई-मेल आई डी, मोबाईल नम्बर और यदि बोलीदाता अपनी ओर से या अपने मूल कार्यालय की ओर से बोली लगा रहा है तो उसे घोषणा पत्र जमा करना होगा। उत्तरार्द्ध मामले में उसे एथारिटी लेटर जमा करना होगा और डिफॉल्ट के मामले में उनकी बोली अस्वीकार कर दी जायेगी और कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की कम्पनी प्रति या कम्पनी के अटार्नी/निरूपण की पुष्टि करने वाले अन्य कोई आलेख तथा ऐसी जमा रसीद/काउन्टर फाईल कथित तिथि तक ई-मेल या अन्यथा द्वारा कथित सेवा प्रदाता या सी एच बैंक के पास पहुँच जाये और **वसूली अधिकारी-।, डीआरटी-।।।, दिल्ली** के पास हार्ड कॉपी पहुँच जानी चाहिए।

(5) सम्भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इण्डिया प्रा. लि. **उद्योग विहार फेज-2, बिल्डिंग नं. 301, गुड़गाँव, हरियाणा (इंडिया), फोन नं. +91-7291981124/25/26 के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। सम्पर्कः श्री विनोद चौहान, जिसका मोबाइल नंबर 09813887931, ई-मेल : support@bankeauctions.com, वेब: https://www.bankeauctions.com से सम्पर्क करें।**

(6) किसी भी पूछताछ हेतु और सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु और अन्य विवरण के लिए सी एच बैंक के ऑफिसर, श्री रंजीत कुमार, मुख्य प्रबंधक, मो. 9773670093 के साथ सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है।

(7) सम्भावी बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.bankeauctions.com** देखें।

(8) उपरोक्त सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेची जायेगी।

(9) बोलीदाता अपनी बोली रु. 50,000/- (रुपए पचास हजार मात्र) के गुणकों में बढ़ाएंगे।

(10) सम्पत्ति की बिक्री **"जैसा है जहां है आधार"** पर की जाएगी।

(11) सफल बोलीदाता को उक्त पैरा 3 में उल्लेखित विवरणानुसार कथित एकाउन्ट में बोली छूटने के अगले दिन यानि अप. 3.00 बजे तक धरोहर राशि को समायोजित करने के बाद अपनी बोली आगम की 25 प्रतिशत राशि को जमा करना होगा। यदि अगले दिवस को अवकाश या रविवार होता है तो उससे अगले कार्य दिवस को।

(12) सम्पत्ति का क्रेता बिक्री मूल्य का बकाया 75 प्रतिशत मूल्य सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15वें दिन या उससे पहले वसूली अधिकारी के समक्ष जमा करेगा और यदि 15वें दिन रविवार या अवकाश होता है तो निर्धारित विधि द्वारा अगले कार्य दिवस पर (15 दिन के पश्चात) ऐसा किया जाएगा। उक्त के अलावा क्रेता को 1000/- तक 2 प्रतिशत की दर से तथा रु. 1000/- से अधिक ऐसी राशि की अधिकता पर 1 प्रतिशत की दर से पाउण्डेज फीस का भुगतान रजिस्ट्रार, ऋण वसूली अधिकरण-।।।, दिल्ली के पक्ष में भी जमा करना होगा।

(13) उपरोक्त समयावधि में भुगतान ना करने पर, उक्त सम्पत्ति की पुनः बिक्री नई उद्घोषणा जारी करके की जाएगी। उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के द्वारा जमा राशि को अधोहस्ताक्षरकर्ता यदि उचित समझता है तो विक्रय के खर्चे समायोजित किये जाने के पश्चात सरकारी खाते में जब्त कर दी जायेगी एवं उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में या राशि के किसी भाग के सम्बंध में प्राप्त समस्त अधिकार जब्त हो जायेंगे।

(14) वसूली अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या ई-नीलामी स्थगित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

(15) असफल बोलीदाता/ओं को अपने ईएमडी के रिफंड के लिए आरसी की सुनवाई की अनुसूची तिथि पर या उससे पहले डीआरटी-।।। की रजिस्ट्री में पहचान प्रमाण के साथ एक आवेदन दायर करने के लिए निर्देशित किया जाता है जिसे तदनुसार आर.सी. अनुसूची/सुनवाई की तारीख के बाद वापस किया जाएगा।

(अनिल कुमार यादव), वसूली अधिकारी-।, डी आर टी-।।।, दिल्ली

ADVERTISEMENT IN ACCORDANCE WITH REGULATION 18(7) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011 (AS AMENDED) AND CORRIGENDUM TO THE DETAILED PUBLIC STATEMENT WITH RESPECT TO THE OPEN OFFER TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF

ADANI GAS LIMITED

a listed public limited company incorporated under the Companies Act, 1956
Registered Office: Adani House, Near Mithakhali Six Roads, Navrangpura, Ahmedabad, Gujarat 380009, India
(**Tel:** +91-079-25555555, **Fax:** +91-079-26565500), **CIN:** L40100GJ2005PLC046553 (previously U40100GJ2005PLC046553)

Open offer for acquisition of up to 27,71,46,602 (Twenty Seven Crore Seventy One Lakhs Forty Six Thousand Six Hundred and Two) fully paid up equity shares having a face value of Re. 1 (Rupee One) each ("Equity Share") of Adani Gas Limited ("Target Company") representing 25.2% (Twenty Five point Two per cent) of the Voting Share Capital (as defined below) from the Public Shareholders (as defined below) of the Target Company by TOTAL HOLDINGS SAS ("Acquirer") with an intention to acquire control of the Target Company pursuant to and in compliance with Regulations 3(1) and 4 read with Regulations 13(1) and 15(1) of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011, as amended (the "SEBI SAST Regulations" and reference to a particular "Regulation" shall mean the particular regulation of the SEBI SAST Regulations), (the "Offer / Open Offer").

This advertisement and corrigendum is being issued by Citigroup Global Markets India Private Limited ("**Manager to the Offer**"), for and on behalf of the Acquirer, pursuant to and in accordance with Regulation 18(7) of the SEBI SAST Regulations in respect of the Offer ("**Offer Opening Public Announcement and Corrigendum**").

